
हरिभूमि
# रायपुर भूमि



लोहे के गर्म खानों में कैद प्रवासी मजदूर कपसदा में दम तोड़ती मानवता



## आसमान से बरसती आग और लोहे के कंटेनरों में कैद जिंदगी

हेमन्त वर्मा ▶▶| रायपुर/धरसींवा

अलग खबर

रायपुर में रिकार्ड गर्मी पड़ रही है। पारा 45 को छूने को बेताब है। एक ओर जहां आसमान से बरसती आग और भीषण पारे ने आम जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है, वहीं धरसींवा-सिलतरा के औद्योगिक गलियारों से मानवता को शर्मसार करने वाली एक ऐसी तस्वीर सामने आई है। नाले के किनारे लोहे के कंटेनरों को कतारबद्ध खड़ा कर एक ऐसी अवैध बस्ती बसाई गई है, ▶▶|शेष पेज 13 पर



### सिसकता मासूम बचपन

सबसे ज्यादा विचलित करने वाली स्थिति उन 15 से अधिक मासूम बच्चों की है, जिनका बचपन इन गर्म सलाखों के बीच सिसक रहा है। जिस उम्र में बच्चों को सुरक्षित माहौल और शिक्षा मिलनी चाहिए, वहां वे नाले की बदबू और तपते लोहे के बीच जीने को मजबूर हैं। नाले के किनारे असुरक्षित तरीके से बसाई गई इस कॉलोनी में सुरक्षा के कोई मापदंड नहीं अपनाए गए हैं। 150 लोगों की भारी-भरकम आबादी के लिए महज 8 अस्थाई शौचालय बनाए गए हैं।

### मजदूरों के अधिकार एवं सुरक्षा मानक

राज्य सरकार एक तरफ भीषण लू और गर्मी से बचने के लिए लगातार एडवाइजरी जारी कर रही है, लेकिन प्रशासन यह सब नहीं दिखता। मजदूरों के आवास के लिए बने 'लेबर एक्ट' और मानवाधिकारों की यहाँ सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। बताया जाता है कि यह अवैध कंटेनर कारखाने चलाने वाले उद्योगपतियों और कुछ ठेकेदारों ने बनाए हैं।

### इसी इलाके में 3 वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म

कपसदा स्थित 'लोहे के तंदूर' जैसे कंटेनरों में चल रही अवैध बस्ती न केवल मजदूरों के शोषण का प्रतीक है, बल्कि मासूमों के लिए असुरक्षा का काला केंद्र बन चुकी है। प्रशासनिक उदासीनता का सबसे वीभत्स चेहरा तब सामने आया, जब महज छह माह पूर्व एक 3 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म जैसी रूह कंपा देने वाली वारदात हुई।

## मंदिर हसौद के पास बस पलटी दर्जनभर घायल



**रायपुर।** मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में शनिवार को तेज रफ्तार अनियंत्रित बस के पलटने से एक दर्जन से ज्यादा यात्री घायल हो गए। राहगीरों की मदद से पुलिस ने बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाल कर घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। घटना शाम पांच बजे के करीब की है। पुलिस के अनुसार जैन ट्रैवल्स की बस सीजी 06 जीके 6591 रायपुर से महासमुंद यात्रियों को लेकर जा रही थी। इसी दौरान मंदिर हसौद के पास बस का चालक बस की रफ्तार नियंत्रित नहीं कर पाया। बस सड़क के डिवाइडर से टकरा कर पलट गई।

## तपिश पर 'फर्ज' भारी, 55 डिग्री में ट्रेन दौड़ा रहे लोको पायलट, 42 डिग्री में पटरियां नाप रहे ट्रैक मैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों ने इन दिनों हर किसी को झुलसा कर रख दिया है। तेज धूप और उमस से बचने के लिए दोपहर में लोगों ने घरों से निकलना लगभग बंद कर दिया है, लेकिन जरा सोचिए, इस चिलचिलाती धूप में रेलवे के लोको पायलट, पटरियों की जांच करने वाले ट्रैक मैन और उन मजदूरों का क्या हाल होगा, जिनके लिए परिवार की जिम्मेदारी और अपने कर्तव्यों के आगे यह भीषण गर्मी कोई मायने नहीं रखती। हरिभूमि ने ऐसे ही लोगों से बातचीत कर यह जानने का प्रयास किया कि वे इस भयंकर गर्मी में अपना कठिन काम किस तरह ▶▶|शेष पेज 13 पर



चिलचिलाती धूप में 100 किलो से अधिक वजन लादकर मजदूर चला रहे रिक्शा

### 8-10 घंटे स्कार्फ बांधकर करते हैं काम

मालगाड़ी के एक लोको पायलटों ने अपने काम की चुनौतियां साझा करते हुए बताया कि दोपहर के समय इंजन बाइक के साइलेंसर की तरह बुरी तरह गर्म हो जाता है। इसे नंगे हाथों से छूने पर हाथों में फफोले पड़ सकते हैं। इसीलिए अब दरवाजा खोलने और बंद करने जैसे कामों के लिए भी उन्हें मोटे ग्लब्स का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। आम आदमी के लिए जहां 43 डिग्री की गर्मी झेलना मुश्किल हो रहा है, वहीं जब ट्रेन 100 से 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ती है, तो इंजन के अंदर आने वाली तेज गर्म हवाओं के कारण सांस लेना तक दूभर हो जाता है। गर्मी से खुद को बचाने के लिए लोको पायलट पूरी ड्यूटी के दौरान स्कार्फ या तौलिये से अपना चेहरा ढककर रखते हैं। 50 डिग्री से ज्यादा के तापमान में लगातार 10-10 घंटे तक चेहरे पर कपड़ा बांधकर काम कर रहे हैं।


### 42 डिग्री की तपिश में पैदल चलकर पटरियों की जांच

भीषण गर्मी में रेलवे ट्रैक मैन का काम इनदिनों और भी चुनौतीपूर्ण हो गया है। 42 डिग्री के चिलचिलाते तापमान में उन्हें रोजाना भारी औजारों के साथ 8 से 10 किलोमीटर पैदल चलकर पटरियों, स्लीपरों और अन्य उपकरणों का निरीक्षण करना पड़ता है। ट्रैक मैन ने बताया कि उनकी ड्यूटी सुबह से रात तक अलग-अलग शिफ्टों में होती है।

### पेट की आग के आगे हारी आसमान से बरसती आग

शहर में अब मालवाहक के रूप में लगभग 50 रिक्शे ही बचे हैं, लेकिन इन्हें चलाने वाले मजदूरों का संघर्ष काफी है। इन दिनों भीषण गर्मी में जब लोग घरों से बाहर निकलने में कतराते हैं, तब ये मजदूर अपने रिक्शे पर 100 किलो से अधिक वजन लादकर दिनभर में 20 से 30 किलोमीटर का सफर तय कर रहे हैं।

## ट्रांसफार्मरों का पारा 70 पार ठंडा करने लगाए गए कूलर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में इस बार अप्रैल में ही रिकॉर्डतोड़ गर्मी पड़ रही है। इसका असर चौतरफा दिख रहा है। एक तरफ जहां बिजली की खपत आसमान पर जा रही है, वहीं फीडरों के पुराने ट्रांसफार्मर हांफने लगे हैं। ट्रांसफार्मरों को ठंडा करने के लिए कूलरों का सहारा लेना पड़ रहा है। राजधानी रायपुर के ही फीडरों के ट्रांसफार्मरों को गर्मी से बचाने के लिए ▶▶|शेष पेज 13 पर

### उत्पादन संयंत्र भी हांफ रहे

एक तरफ जहां गर्मी के कारण ट्रांसफार्मर हांफ रहे हैं, वहीं छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के संयंत्र कभी भी हांफ जाते हैं। इस समय कोरबा वेस्ट में 210 मेगावाट के दो संयंत्र बंद हैं। इसी के साथ मंडवा का भी 500 मेगावाट का एक संयंत्र बंद है। ऐसा होने से बिजली का उत्पादन प्रभावित हो गया। पॉवर कंपनी के संयंत्रों में जो रोज का उत्पादन 25 से 26 सौ मेगावाट होता है, ▶▶|शेष पेज 13 पर

### पुराने ट्रांसफार्मरों में लगाने पड़ते हैं कूलर

जो ट्रांसफार्मर पुराने हैं, उनकी कूलिंग क्षमता कम हो जाती है। गर्मी में लगातार ट्रांसफार्मरों के आइल का तापमान चेक किया जाता है। जिनका तापमान 70 डिग्री के आसपास हो जाता है, उनके लिए कूलरों की व्यवस्था करते हैं।

- **भीम सिंह कंवर,** एमडी, वितरण कंपनी

## तस्कर रवि साहू पर शिकंजा, 7.5 करोड़ की संपत्ति होगी अटैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- आधा दर्जन गांजा तस्करों का विवरण सफेमा कोर्ट भेजा जाएगा

मादक पदार्थ की तस्करी करने वालों को एक तरफ कोर्ट सख्त सजा सुना रही है, वहीं अब पुलिस कमिश्नरेट कुख्यात गांजा तस्करों की कुंडली तैयार कर बड़ी आर्थिक चोट पहुंचाने की तैयारी कर रही है। कोतवाली थाना क्षेत्र के कालीबाड़ी निवासी रवि साहू की संपत्ति अटैच करने मुंबई स्थित सफेमा कोर्ट जिसे स्मगलर्स एंड फारेन एक्सचेंज मनीपुलेटर भी कहा जाता है, में पुलिस ने प्रतिवेदन पेश किया है। हिस्ट्रीशीटर रवि साहू के खिलाफ गांजा, शराब तस्करी सहित मारपीट, हत्या, हत्या की कोशिश सहित अलग-अलग थाना क्षेत्र में 55 प्रकरण दर्ज हैं। दो साल पहले गांजा तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार रवि साहू सहित उसके आधा दर्जन साथियों को एनडीपीएस कोर्ट ने तीन माह पूर्व 10-10 वर्ष कैद के साथ जुर्माने की सजा सुनाई है। रवि साहू वर्तमान में जगदलपुर केंद्रीय जेल में सजा काट रहा है। पुलिस ने सफेमा कोर्ट में रवि साहू की ▶▶|शेष पेज 13 पर



### सोमवार से मुकेश बनिया की कुंडली

रवि साहू के बाद पुलिस सोमवार से कोतवाली के एक और हिस्ट्रीशीटर तथा गांजा तस्कर मुकेश बनिया की संपत्ति का विवरण जुटाकर सफेमा कोर्ट भेजने की तैयारी कर रही है। मुकेश बनिया द्वारा गांजा तस्करी कर तीन करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति अर्जित करने की जानकारी पुलिस को मिली है। मुकेश बनिया तथा उसका भाई वर्तमान में गांजा तस्करी तथा आर्म्स एक्ट के आरोप में रायपुर सेंट्रल जेल में बंद है।



गर्मी की छुट्टीयों का सही इस्तेमाल करें और
कमाएं
₹ 12,000 प्रति माह
+
इंसेन्टिव
योग्यता- 12वीं से स्नातक
मात्र 6 घंटे का आसान काम
और फिर आराम ही आराम
ऐसे ऊर्जावान युवक युवतियों की आवश्यकता है जो अपने टेलेंट से मीडिया में महत्वपूर्ण स्थान बना सके।
स्वयं का वाहन होना आवश्यक, संपर्क अभियान से लक्ष्य प्राप्त करने में सक्षम युवा संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय :
पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर (छ.ग.)
Resume करें - 9977374898


## फिर अटकी पैट सीटी की फाइल, प्रस्ताव चिकित्सा शिक्षा संचालनालय में फंसा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- मरम्मत और संचालन की एजेंसी तय करने जारी होना है टेंडर, बीत चुकी मोहलत

कैंसर मरीजों की जांच के लिए रायपुर मेडिकल कालेज में खरीदी गई पैट सीटी मशीन और गामा कैमरा के शुरू होने की उम्मीद लगातार दावों के बीच कम होती जा रही है। इसमें आवश्यक सुधार और संचालन के लिए एजेंसी तय करने के लिए टेंडर जारी किया जाना है। मेडिकल कालेज प्रबंधन द्वारा करीब पांच महीने पहले इसका प्रस्ताव भेजा जा चुका है, जो सहमति के लिए चिकित्सा शिक्षा संचालनालय में फंसा हुआ ▶▶|शेष पेज 13 पर

### कैंसर प्रभावित अंग की करती है सटीक पहचान

चिकित्सकों के मुताबिक पैट सीटी मशीन के माध्यम कैंसर से प्रभावित अंगों की सटीक तरीके से पहचान होती है। इसी तरह गामा कैमरा हड्डी के कैंसर की जांच में सहायक होता है। कैंसर विभाग में प्रतिदिन की ओपीडी में ढाई से तीन सौ मरीज आते हैं जिनमें से पचास से साठ प्रतिशत मरीजों को इस तरह की जांच के लिए निजी अस्पतालों की राह पकड़नी पड़ती है जहां उन्हें 20 हजार से ज्यादा रकम खर्च करना पड़ता है। मध्यम और धनाढ्य वर्ग तो किसी तरह इस राशि की व्यवस्था कर लेता है, मगर आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के लिए यह जांच काफी मुश्किल होती है।

### भेजा गया प्रस्ताव

मशीन के आवश्यक मेंटेनेंस और संचालन के लिए टेंडर जारी करने प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है, इस पर निर्णय शासन स्तर लिया जाएगा। इन उपकरणों से जांच का लाभ मरीजों को आने वाले दिनों में मिलेगा।

- **डॉ. विवेक चौधरी,** अधिष्ठाता शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर

### एम्स में सुविधा, मगर बारी आने में 6 महीने

एम्स में इस तरह की दोनों मशीन की सुविधा है। इससे जांच का लाभ वहां के कैंसर विभाग में इलाज कराने वाले मरीजों को कुछ इंतजार के बाद मिलता है। इन मशीन से जांच की सुविधा दूसरे अस्पताल से आने वाले मरीजों को भी दी जाती है मगर इसके लिए उन्हें 6 से 8 महीने तक इंतजार करना पड़ता है। आंबेडकर अस्पताल में पैट सीटी की जांच मशीन एम्स से पहले आ गई थी। यहां जांच के लिए मशीन की पैकिंग हटाई नहीं गई वहीं एम्स अपने स्तर पर मरीजों की जांच भी करने लगा।




# 5 दिन शेष, 74 मिलर्स ने जमा नहीं किया कस्टम मिलिंग का चावल, सभी को कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में उपार्जन केंद्रों से धान के उठाव के बाद कस्टम मिलिंग का चावल अब तक 74 मिलर्स जमा नहीं कर पाए हैं, जबकि चावल जमा करने की अंतिम तारीख 30 अप्रैल है। अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर ने शनिवार को भारतीय खाद्य निगम एवं नागरिक आपूर्ति निगम में कस्टम मिलिंग चावल जमा करने की समीक्षा की। इस दौरान चावल जमा नहीं करने वाले 74 मिलर्स को कारण बताओ नोटिस जारी करने अधिकारियों को निर्देशित किया। इस निर्देश के तहत सभी मिलरों को नोटिस जारी किया है, साथ ही सभी मिलरों को समय-सीमा खत्म होने के पूर्व शेष चावल जमा करने के लिए कहा है।



### ब्लैक सूची में दर्ज होंगे नाम, बैंक गारंटी से होगी वसूली

*समीक्षा बैठक में अपर कलेक्टर ने खाद्य विभाग एवं विपणन संघ के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि कोई भी मिलर अगर समय-सीमा के भीतर चावल जमा करने में रूचि नहीं ले रहा हैं, उनमें ज्यादा मात्रा चावल वाले मिलर्स के यहां भौतिक सत्यापन किया जाए तथा किसी तरह की गड़बड़ी मिलती है, तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। इसके तहत राइस मिलर का नाम ब्लैक सूची में डालकर उसके विरुद्ध एफआईआर किया जाए, साथ ही इन सभी मिलरों से चावल जमा नहीं करने की राशि की वसूली बैंक गारंटी से की जाए। बैठक में खाद्य नियंत्रक भूपेंद्र मिश्रा, सहकारी विपणन संघ मर्यादित के जिला अधिकारी जशबीर सिंह बघेल सहित विभाग के अन्य अधिकारी- निरीक्षक उपस्थित थे।*

### 10 टन से लेकर 2056 टन तक चावल जमा नहीं

जिले में जिन मिलरों ने अब तक चावल जमा नहीं किया हैं उसकी मात्रा 10 टन से लेकर 2056 टन तक है। इनमें सबसे अधिक चावल जमा नहीं करने वाले मिलरों में महालक्ष्मी पड्डी प्रोसेसिंग कंपनी(एमए448597) 2056.26 टन, एमएस इंडियन राइस इंडस्ट्रीज (एमए443021) 1927.35 टन, अमित एग्रो प्रोसेसिंग (एमए441594) 1764.26 टन, अग्रोहा इंडस्ट्रीज (एमए447586) 1707.99 टन, कोनार्क इंडस्ट्रीज हफ (एमए443028) 1279.64 टन, निर्मला राइस प्रा.लि.(एमए443166) 1247.75 टन, गिंदलानी राइस मिल (एमए444558) 1195.48 टन, गुरूनानक राइस इंडस्ट्रीज (एमए446974) 939.46 टन, महालक्ष्मी पड्डी प्रोसेसिंग कंपनी (एमए443458) 916.58 टन, मां संतोषी उद्योग(एमए443267) 863.76 टन सहित अन्य मिलर्स है जिनके द्वारा अब तक धान उठाव के विरुद्ध चावल जमा नहीं किए हैं।

## खबर संक्षेप



### मुख्यमंत्री से सांसद शर्मा ने की मुलाकात

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से शनिवार को राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में लोकसभा सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने श्री शर्मा का आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें शॉल एवं बस्तर आर्ट की आकर्षक प्रतिकृति भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान उनके बीच विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा हुई।

### ईडी ने डबल इंजन की सरकार की विफलता को उजागर किया : कांग्रेस

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, विदेशी धन के मामले पर ईडी की कार्रवाई डबल इंजन की सरकार की विफलता को उजागर करती है। ईडी ने विदेशी धन के भारत में



ट्रांसफर को लेकर दावा किया है कि पिछले दो सालों में 2025-26 के दौरान भारत में विदेश से 95 करोड़ रुपए आये हैं। इसमें से 6 करोड़ छत्तीसगढ़ में निकाले गये हैं। पिछले दो सालों से विदेश से धन भारत आ रहा और उसका उपयोग विभिन्न गैर कानूनी गतिविधियों में हो रहा था, तो केंद्र और राज्य की सरकारें दो सालों में क्या कर रही थीं? उन्होंने कहा, भाजपा इस फंडिंग को धर्मांतरण से जोड़ रही है, लेकिन इसका उपयोग यदि नक्सली और आतंकी गतिविधियों में नहीं हुआ होगा, इसकी क्या गारंटी है?

### सत्तू बने कांग्रेस के जिला महामंत्री

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने जिला कार्यकारिणी की सूची को हरी झंडी दे दी है। पीसीसी चीफ ने शहर जिला अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन द्वारा प्रस्तावित 'जिला कार्यकारिणी' की सूची को अपना आधिकारिक अनुमोदन दे



दिया है। सत्तू सिंह को रायपुर जिला कांग्रेस कमेटी का जिला महामंत्री नियुक्त किया गया है। नई कार्यकारिणी के अनुमोदन से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नया उत्साह देखने को मिल रहा है। उनकी नियुक्ति पर समर्थकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## यात्रियों को हज किट का किया गया वितरण

# सीएम साय ने कहा- हज यात्री देश और प्रदेश की खुशहाली के लिए दुआ करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी द्वारा राजधानी रायपुर के मेडिकल कॉलेज परिसर स्थित अटल सभागार में प्रदेश के हजयात्रियों का स्वागत किया गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर हज यात्रियों को हज किट प्रदान किया।

मुख्यमंत्री ने हज यात्रियों को संबोधित करते हुए कहा, आप छत्तीसगढ़ और अपने देश की खुशहाली के लिए भी दुआएं करें। उन्होंने कहा, यह बड़े सौभाग्य का अवसर है, हम सब हज यात्रियों के इस्तकबाल के लिए एकत्र हुए हैं।

उन्होंने कहा, जब वे सांसद थे तब से हज यात्रियों का स्वागत करते आ रहे हैं। अनेक वर्षों से यह सौभाग्य मिलता रहा है। उन्होंने प्रदेश के 815 हज यात्रियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य किट प्रदान किया जा रहा है। समस्त हज यात्री अपना खयाल रखें, वहां भी बहुत गर्मी होगी। स्वास्थ्य की चिंता करेंगे, मेडिकल किट साथ रखें। आप सब छत्तीसगढ़ और प्रदेश के प्रतिनिधि के रूप में जा रहे हैं। अपने देश और छत्तीसगढ़ की तरक्की और खुशहाली के लिए विशेष रूप से दुआएं करें। उन्होंने कहा, आप हज यात्रा पर जाएं हम यहां आपकी चिंता करते रहेंगे।

### प्रदेश के हज यात्रियों का छग हज कमेटी ने किया स्वागत



### छत्तीसगढ़ की समृद्धि के लिए दुआएं करें : बृजमोहन

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि बृजमोहन अग्रवाल, सांसद रायपुर लोकसभा ने समस्त हज यात्रियों को मुबारकबाद पेश की। उन्होंने कहा, हर मुसलमान की तमन्ना होती है कि वह हज यात्रा पर जाए। हज यात्रा पर वही जाता है जिसे अल्लाह बुलाता है। वे सब हज यात्री खुशनसीब हैं जो हज यात्रा पर जा रहे हैं। उन्होंने कहा, आप छत्तीसगढ़ और देश की सुख, शांति और समृद्धि के लिए दुआएं करें।

### निश्चिंत होकर जाएं : बेग

छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा एजाज बेग ने कहा, हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय हज यात्रा पर जाने वाले सभी हज यात्रियों की हमेशा चिंता करते हैं, उनके विषय में जानकारी लेते रहते हैं। उन्होंने कहा, हज यात्रियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए जिस जिले के हाजी हैं वहीं उनके प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई। समस्त हज यात्री निश्चिंत होकर जाएं हमारे सांसद बृजमोहन अग्रवाल, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं जो आपको कोई परेशानी नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा, जितने लोगों ने आवेदन किया उन सभी का सलेक्शन हो गया। हज यात्रियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि, सऊदी अरब के क़ानून और नियमों का पालन करेंगे।

# जिलों के प्रशिक्षण वर्ग में प्रदेश के 11 दिग्गज जाकर बताएंगे भाजपा की रीति-नीति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन का प्रदेश के 36 संगठन जिलों में 5 से 20 मई के बीच में प्रशिक्षण वर्ग होगा। दो दिनों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में जहां प्रदेश के 11 दिग्गज विशेषज्ञ अलग-अलग विषयों पर प्रशिक्षण देने जाएंगे और भाजपा की रीति-नीति के बारे में बताएंगे, वहीं प्रशिक्षण वर्ग के जिलों के प्रभारियों को वहां पर दो दिनों तक रहना जरूरी होगा। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में शनिवार को हुई प्रांतीय काशाला में सभी जिलों से संभावित तारीखें लेकर कार्ययोजना तैयार की गई है। मंडलों में सात विषयों पर प्रशिक्षण वर्ग हुआ था। अब जिलों में 11 विषयों में प्रशिक्षण वर्ग होगा। इनके लिए अलग-अलग वक्ता जाएंगे। जो विषय विशेषज्ञ हैं, उनमें क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, महामंत्री यशवंत जैन, अखिलेश सोनी, नवीन मार्कंडेय, सांसद संतोष पांडेय, संदीप शर्मा, अवधेश जैन सहित और कई वक्ता हैं। ये ही जिलों में जाकर अपने विषयों पर प्रशिक्षण देंगे।

- प्रांतीय कार्यशाला में बनी कार्ययोजना, 5 से 20 मई के बीच होगा प्रशिक्षण वर्ग

### प्रशिक्षण से प्रखर होते हैं कार्यकर्ता : जामवाल

*ठाकरे परिसर में शनिवार को कार्यशाला में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा कि प्रशिक्षण से कार्यकर्ता प्रखर होते हैं। विषय के अच्छे जानकार बनते हैं। भाजपा में प्रशिक्षित कार्यकर्ता संगठन एवं सरकार के कार्यों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाते है। प्रशिक्षण का उद्देश्य कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाना और उन्हें सरकार की जनहितकारी योजनाओं का सजग प्रहरी बनाना है। प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा, प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को नीति, सिद्धांत, संगठनात्मक संरचना और जनसेवा के संस्कारों से समृद्ध किया जाता है, ताकि वे समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं और पार्टी की नीतियों को प्रभावी ढंग से पहुंचा सकें। यह प्रशिक्षण महा अभियान का मुख्य उद्देश्य वैचारिक रूप से दृढ़, संगठनात्मक रूप से सक्षम और समाज सेवा के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं का निर्माण करना है। प्रशिक्षण टोली के प्रदेश संयोजक डॉ. अवधेश जैन ने कार्यशाला में आए हुए सभी पदाधिकारियों एवं प्रशिक्षण महाभियान टोली के सदस्यों को विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मार्कंडेय ने किया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, अखिलेश सोनी, भाजपा मुख्य प्रवक्ता एवं सांसद संतोष पांडेय, प्रशिक्षण महाभियान टोली के सदस्य एवं प्रदेश प्रवक्ता टेकेश्वर जैन, शताब्दी पांडेय सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।*

# रायपुर शहर एवं ग्रामीण की नई कार्यकारिणी घोषित

**नए चेहरों को मौका, 61 सदस्यों की कार्यकारिणी का गठन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर शहर जिला और ग्रामीण कांग्रेस की नई कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज की अनुमति के बाद शहर जिलाध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन और ग्रामीण अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने टीम का गठन किया, जिसमें कई नए चेहरों को मौका दिया गया है। नई कार्यकारिणी में संतुलन और संगठनात्मक मजबूती पर विशेष ध्यान दिया गया है।

शहर और ग्रामीण जिला दोनों की घोषित कार्यकारिणी में कुल 61 सदस्यों को शामिल किया गया है। इसमें 12 उपाध्यक्ष, 19 महामंत्री, 20 सचिव और 10 कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए हैं। संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और आगामी चुनावी तैयारियों को ध्यान में रखते हुए पदों का वितरण किया गया है।

### नए चेहरों को प्राथमिकता

कार्यकारिणी में कई नए चेहरों को मौका दिया गया है। इससे यह संकेत मिलता है कि संगठन में नई ऊर्जा और सक्रियता लाने का प्रयास किया जा रहा है। सक्रियता के आधार पर लोगों को कार्यकारिणी में जगह दी गई है।

### संगठन विस्तार और जमीनी पकड़ पर फोकस

पार्टी सूत्रों के अनुसार नई टीम का गठन संगठन के विस्तार, जमीनी पकड़ मजबूत करने और कार्यकर्ताओं के बीच तालमेल बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया है। शहर स्तर पर कांग्रेस को और सक्रिय बनाने के लिए जिम्मेदारियां तय की गई हैं।



### ग्रामीण की बूथ, ग्राम, वार्ड और ब्लॉक कमेटी का गठन : बंजारे



जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने बताया कि रायपुर ग्रामीण जिला बूथ, ग्राम, वार्ड, ब्लॉक कमेटी गठन किया और उन्हें जिला कांग्रेस कमेटी को प्रेषित किया। रायपुर जिला ग्रामीण पूरे छत्तीसगढ़ में पहला जिला बन गया है, जिसने सभी स्तरों की कमेटियों का गठन पूर्ण करके पीसीसी को सौंप दिया है।

### आगामी चुनावों को ध्यान में रखकर रणनीति : मेनन

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने सदस्यों को बधाई देते हुए कहा, कांग्रेस पार्टी के रीति नीति सिद्धांतों के अनुसार पार्टी का कार्य सुचारू रूप से करते हुए शहर की जनता के लिए निरंतर संघर्ष करते रहें तथा भाजपा के जनविरोधी नीतियों के खिलाफ उनकी सुरक्षा के लिए निरंतर तत्पर रहें और जमीन स्तर पर कांग्रेस पार्टी संगठन को मजबूत करके आने वाले विधानसभा चुनाव में इस जनविरोधी भाजपा के कुशासन से आम जनता को मुक्त करवाकर कांग्रेस पार्टी की लोकप्रिय सरकार बनाने के लिए अभी से तैयारी प्रारंभ करें।



# नगरपालिका एवं पंचायत उपचुनाव, 5 मई को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

**मई-जून में होंगे चुनाव, राज्य चुनाव आयोग ने की समीक्षा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर पालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आगामी आम/उप चुनाव मई-जून की कराने की तैयारी है। चुनाव को लेकर सामान्य प्रशासन विभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में चुनाव तैयारियों की समीक्षा की गई।

राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने बताया कि नगरपालिकाओं के कुल 83 पदों (अध्यक्ष के 6 पद एवं पार्षद के 77 पद) तथा त्रिस्तरीय पंचायतों के कुल 1202 पदों (जनपद पंचायत सदस्य के 10, सरपंच के 82 एवं पंच के 1110 पद) हेतु आम/उप चुनाव माह मई-जून में प्रस्तावित है। इसके लिए निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया जा चुका है तथा चुनाव मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 5 मई को किया जाएगा, जिसके बाद आयोग द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया जायेगा।

### चुनाव कराने जीएडी से मांगी सहायता

बैठक में राज्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा सामान्य प्रशासन विभाग को चुनाव हेतु पर्याप्त अधिकारी/कर्मचारी उपलब्ध कराने, आदर्श आचरण संहिता के पालन हेतु आवश्यक निर्देश जारी करने तथा मतदान तिथि को सामान्य अवकाश घोषित करने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सामान्य प्रेक्षकों की उपलब्धता के संबंध में अतिरिक्त अधिकारियों की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर बल दिया। बैठक में निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# 29 को कैबिनेट, विशेष सत्र को लेकर बनेगी रणनीति

**जनजातीय सलाहकार परिषद की बैठक लेंगे सीएम साय**




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक 29 अप्रैल को सुबह 11:30 बजे नवा रायपुर अटल नगर स्थित मंत्रालय में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में राज्य से जुड़े महत्वपूर्ण प्रशासनिक और विकासात्मक मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। बताया गया है कि गुरुवार को विधानसभा का विशेष सत्र है, इस पर भी चर्चा होगी।

अधिनियम के संसद में पारित न होने पर विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाने की तैयारी की जा रही है। कैबिनेट में मंत्रियों द्वारा इस पर चर्चा की जाएगी। वहीं महिलाओं के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों को ब्योरा भी रखा जाएगा।

**परिषद की पिछली बैठक की रिपोर्ट पर चर्चा**

इसी दिन दोपहर 3:30 बजे मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ जनजातीय सलाहकार परिषद की बैठक भी मंत्रालय में आयोजित होगी। इस संबंध में आदिम जाति विकास विभाग द्वारा आधिकारिक सूचना जारी कर दी गई है। परिषद की बैठक में 11 मार्च 2025 की पिछली बैठक की कार्यवाही विवरण के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की जाएगी। साथ ही कृषि एवं किसान कल्याण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, महिला एवं बाल विकास तथा लोक निर्माण विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं की प्रस्तुति दी जाएगी।

**रिक्त पदों की भर्ती पर मंथन**

इसके अतिरिक्त आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान से जुड़े विषयों पर भी विस्तार से चर्चा होगी। इनमें संस्थान में रिक्त पदों की भर्ती, उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति के लिए टीआई पद सृजन, तथा संग्रहालय में जनजातीय धार्मिक स्थलों के निर्माण और प्रदर्शन जैसे मुद्दे शामिल हैं। बैठक में अनुसूचित क्षेत्रों के प्रशासन से संबंधित वर्ष 2024-25 के राज्यपाल प्रतिवेदन के अनुमोदन सहित अन्य महत्वपूर्ण जनजातीय विषयों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

# बैज बोले- विपक्ष की निंदा के लिए विशेष सत्र धन की बर्बादी



रायपुर। सिर्फ विपक्ष की निंदा के लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया जाना जनता के धन की बर्बादी है, यह भाजपा के अलोकतांत्रिक चरित्र को भी दर्शाता है। सत्र को बुलाने के लिए सरकार के पास कोई ठोस कारण भी नहीं है, सरकार के पास कोई महत्वपूर्ण विधेयक भी नहीं है और न ही कोई ऐसा राज्य के हित का विषय है जिस पर चर्चा कराने के लिए विधानसभा के विशेष सत्र को आहूत करने की जरूरत थी। दीपक बैज ने कहा, मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक तौर पर कहा, हम विपक्ष की निंदा करने विधानसभा का विशेष सत्र बुलाएंगे। मतलब विपक्ष की निंदा के अलावा मुख्यमंत्री के पास इस सत्र को बुलाने का कोई और कारण नहीं था।

### प्रकृति मित्र सम्मान कार्यक्रम आज

रायपुर। तेलीबांधा स्थित मैग्नेटो हॉल में 26 अप्रैल को प्रकृति मित्र सम्मान और गोमाता सेवक सम्मान का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम रायपुर की समाजसेवी संस्था खुशियां बांटें अभियान द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर सेव बर्ड सेव नेचर थीम पर ड्राइंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी अभियान के संस्थापक सौरभ बख्शी ने देते हुए बताया कि रायपुर में मीडिया से चर्चा में बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को प्रकृति संरक्षण एवं संवर्धक के लिए जागरुक और प्रेरित करना है।

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकारो द्वारा भूमि स्वामी रविन्द्र कुमार जैन पिता शिवकुमार जैन के एकल स्वामित्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि वाके मौजा छछानपैरी प.ह.न. 00011 रा.नि.मं. केन्द्री तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. खसरा 427/1 रकबा 0.150 हें. एवं 427/3 रकबा 0.050 हे., कुल खसरा 02 कुल रकबा 0.200 हे. एवं भूमि स्वामी श्रीमती संध्या जैन पति रविन्द्र कुमार जैन के एकल स्वामित्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि वाके मौजा छछानपैरी प.ह.न. 00011 रा.नि.मं. केन्द्री तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. खसरा 100/4 रकबा 0.154 हे. 100/5 रकबा 0.150 हे., 395/8 रकबा 0.303 हें. एवं खसरा न. 396/3 रकबा 0.084 हे. कुल खसरा 04 कुल रकबा 0.691हे. को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर भूमि स्वामी को अग्रिम ब्याना राशि प्रदान कर अनुबंधित कर दिया गया है, तथा मेरे पक्षकार को उक्त भूमि के विक्रय प्रतिफल की बचत राशि अदा कर विक्रय पत्र निष्पादित किया जाना शेष है। उक्त संव्यवहार से जिस किसी भी व्यक्ति संस्था, शासकीय अर्ध शासकीय, निकाय, निगम इत्यादि को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मय दस्तावेज निम्न पते पर अपनी लिखित आपत्ति दर्ज करावे म्याद उपरांत की गई आपत्ति वैद्य नही मानी जावेगी तथा मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र निष्पादन हेतु स्वतंत्र होवेगा।

**अतः सूचना जाने**

रायपुर
दिनांक- 25.04.2026

**सर्वेश खटनानी (अधिवक्ता)**
**फर्स्ट फ्लोर, शुभम कॉर्पोरेट, होटल किंग्सवे के सामने, रिंग रोड नं 1, रायपुर (छ.ग.)**
**मो. नंः 7415043469**

**// आम सूचना //**

**(मौजा ग्राम लखौली जिला रायपुर, के भूमि बाबत)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्री नवीन बागरेचा व ऋषभ बागरेचा ने विक्रेता श्रीमती रीमा अग्रवाल, पति-श्री रामगोपाल अग्रवाल निवासी- अवनि प्राइड, दलदल सिवनी, सडडू, रायपुर तह. व जिला रायपुर छ.ग. के संयुक्त स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि जो की वाके मौजा ग्राम लखौली, प.ह.नं. 00029/33, तहसील आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 431/12 रकबा 0.02 हे. या 1893 वर्गफुट है., को क्रय करने का पक्का सौदा कर उक्त विक्रेता को अग्रिम राशि बयाना अदा कर दिया है एवं मात्र विक्रय विलेख का पंजीयन निष्पादन शेष है ।

अतः उपरोक्त वर्णित भूमि/ संपत्ति के स्वत्व, स्वामित्व, आधिपत्य उक्त संव्यवहार पर यदि किसी व्यक्ति, परिवार, बैंक, शासकीय या अर्द्धशासकीय विभाग, निगम, बोर्ड, संस्था आदि किसी को भी कोई दावा-आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस के अंदर सुसंगत दस्तावेजों व लिखित आपत्ति सहित मेरे समक्ष नीचे दिए पते पर कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें । म्याद बाद उक्त सम्पत्ति का बैनामा पंजीयन मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में करवा लिया जावेगा, तदोपरान्त की गई दावा या आपत्ति अवैध व शून्य मानी जावेगी जो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी । अतः सूचना जाने

रायपुर छ.ग.
दिनांक - 25.04.2026

**भवदीय**
**भूपेन्द्र जैन (अधिवक्ता)**
**पता- ए-16, जीएफ, मॉडन काम्प्लेक्स, मोतिबाग चौक, रायपुर (छ.ग.)**
**मो.-98261 73123**

**न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव मामले की श्रेणी: राजस्व**
**संदर्भः जिला रायपुर तहसील- धरसींवा प.ह.न.-00013 छपोरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202526440718600019**

**// ईश्तहार //**

तहसील धरसीवा के प.ह.न. 00013 के अंतर्गत ग्राम छपोरा के वर्तमान भूमिस्वामी सुरेन्द्र पिता/पति- चिन्ताराम वगै. पता- के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 698/1(0.2630) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता पवन पिता /पति-स्व. चिन्ताराम यादव पता-सादेह, त्रिवेणी बाई पिता/पति-स्व. चिन्ताराम यादव पता-सादेह, सुरेन्द्र पिता/पति-स्व. चिन्ताराम यादव पता-सादेह, सुरेखा, खूशबू, शेषनारायण पिता/पति-रमेश यादव पता-सादेह, नरेन्द्र पिता/पति-स्व. चिन्ताराम यादव पता-सादेह के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनाक 14/05/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दाया आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23/04/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

**नायब तहसीलदार :**
Ashok Kumar Janghel
**तहसील धरसींवा**
**जिला रायपुर (छ.ग.)**



## खबर संक्षेप



### सरोरा में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का अनावरण

**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम सरोरा (पुरानी बस्ती) में नर्मदेश्वर महादेव मंदिर के समीप छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति का अनावरण हुआ। इस मूर्ति का निर्माण दाऊ डीडी अग्रवाल ने किया है। लोकार्पण अवसर पर किसान नेता राजू शर्मा, धनीराम वर्मा, संतोष यदु, मनीराम यदु, राजकुमार, जग्गु यदु, गोपाल साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### अभनपुर बस स्टैंड में रक्तदान शिविर 27 को

**अभनपुर।** स्वर्गीय नितेश सिन्हा की जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ एवं मित्र गण मंडल के संयुक्त तत्वावधान में 27 अप्रैल को अभनपुर बस स्टैंड में रक्तदान शिविर का आयोजन रखा गया है। आयोजनकर्ताओं ने बताया कि स्व. नितेश सिन्हा, जो संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष रहे, ने संगठन एवं समाज के लिए उल्लेखनीय कार्य किए थे। उनकी स्मृति और समाजसेवा को सम्मान देने के उद्देश्य से यह रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रक्तदान करने की अपील की है।

### चावल-शक्कर को टोटा पार्षदों ने दी चेतावनी



**धरसीवां / कूंरा।** नगर पंचायत कूंरा की राशन दुकानों में खाद्य विभाग तीन अप्रैल, मई, जून तीन माह का चांवल वितरण किया जा रहा है पर साथ में नमक एवं शक्कर नहीं मिलने से हितग्राहियों में काफी आक्रोश है। इस मामले को लेकर नगर के कांग्रेस पार्षदों ने चांवल वितरण के साथ ही नमक रवान शक्कर का भी राशन हितग्राहियों को प्रदाय किए जाने राशन दुकान 02 के सेल्स मैन को ज्ञापन सौंपा गया है। जिनमें लिखा गया है किजून एवं मार्च 2026 साथ ही माह अप्रैल, मई एवं जून में शक्कर एवं नमक नहीं दिए गए है उसे एक साथ राशन हितग्राहियों को दिए जाने का मांग किया गया है। अप्रैल माह भी निकलने की स्थिति में है शीघ्र ही वितरण नहीं किए जाने की स्थिति में राशन दुकान के सामने हितग्राहियों को साथ लेकर प्रदर्शन करने का चेतावनी दिए गए । ज्ञापन दिए जाने के दौरान उपाध्यक्ष राजा भैया, पार्षद प्रधान देवांगन, जगतू राम देवांगन , पूर्व पार्षद प्रेमलाल पाल सहित आदि लोग शामिल हुए थे।

### सुरभि को मिली पीएचडी की उपाधि

**रायपुर।** मैट्स यूनिवर्सिटी ने सुरभि अग्रवाल को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनक शोध का विषय छत्तीसगढ़ राज्य के विशेष संदर्भ में चयनित सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों में ग्रीन मानव संसाधन प्रैक्टिस के अध्ययन था। उन्होंने अपना शोधकार्य मैट्स यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ. नितिन कल्ला के मार्गदर्शन में पूरा किया। वे धर्मेंद्र अग्रवाल, डॉ. सुलेखा अग्रवाल की पुत्री हैं।

### सीए ग्वालानी ने महिला-युवा सीए के शक्तिकरण पर दिया जोर

**रायपुर।** भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान की महिला एवं युवा सदस्य समिति की 35वीं राष्ट्रीय बैठक आईटीओ नई दिल्ली में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय परिषद सदस्य सीए पुरुषोत्तम एच. खंडेलवाल ने की, जबकि उपाध्यक्ष के रूप में सीए श्रीप्रिया कुमार उपस्थित रहीं। बैठक में समिति की नई टीम वर्ष 2026–27, पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि तथा समिति के कार्यों पर चर्चा की गई। साथ ही महिला और युवा सदस्यों के कौशल विकास, नेतृत्व और नए अवसरों को बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया।

# बाबा गुरवचन की स्मृति में तिल्दा में रक्तदान,115 यूनिट ब्लड संग्रहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

बाबा गुरु गुरुवचन की स्मृति में संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन तिल्दा द्वारा निरंकारी भवन में एक एक दिवसीय रक्त शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 115 लोगों ने रक्तदान किया। 24 अप्रैल के दिन को संत निरंकारी चेरीटेबल द्वरा पुरे देश में मानव एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर शनिवार को तिल्दा निरंकारी भवन में इंडियन रेड क्रॉस रायपुर के सहयोग से एक दिवसीय विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन निरंकारी मिशनकी प्रमुख सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के आदेशानुसार किया गया। इस शिविर में 61 पुरुषों ने एवं 49 महिलाओं ने रक्तदान कर मानव सेवा के लिए योगदान दिया। इस शिविर का उद्घाटन चन्द्रकला वर्मा ने किया। इस मौके पर पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष छमनलाल खूबचंदानी, समाज सेवी हिरानद हरिरमानी राम पजवानी विशेष रूप से उपस्थित थे। संत निरंकारी तिल्दा मिशन के मुख सुंदर दास जैसवानी ने बताया कि जोनल इंचार्ज गुरु बक्श सिंह कालरा के निर्देशन में निरंकारी मिशन की सेवादारो के अलावा विभिन्न वर्गों से आए लोगों ने मानव एकता के लिए रक्त का दान किया। कई ऐसे लोग थे जो 5 से 6 बार रक्त का दान कर चुके हैं सभी लोगों ने कहा कि रक्तदान करने से रक्त काम नहीं होता है। निरंकारी मिशन के द्वारा लगाया गया यह 12 रक्तदान शिविर था। रक्तदान शिविर में कुल 115 लोगों ने रक्तदान किया।

## मानव एकता दिवस पर निरंकारी मिशन का विशाल रक्तदान शिविर



### सेवा और आध्यात्म का संगम

इस शिविर में डीकेएस अस्पताल रायपुर की रेड क्रॉस ब्लड बैंक के डॉक्टर्स ने अपनी सेवा दी और रक्त संचारित किया। अध्यात्मिक क्षेत्र में कर्म का विशेष महत्व है मानव सेवा के लिए स्वयं को हमेशा आगे रखना निरंकारी मिशन की विशेषता रही है। पर्यावरण हो या जल श्रोतों कि सफाई, वृक्षारोपण हो या सफाई अभियान संत निरंकारी मिशन के सेवादार सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तहत गुरु के आदेश पर इन सेवाओं को करने के लिए तत्पर रहते।

## हादसा : रामभरोसा ढाबा के पास हुआ हादसा, खरीदारी कर लौट रहा था घर

# तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार किशोर को रौंदा, मौके पर मौत

हिरभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर



अभनपुर-राजिम मार्ग पर स्थित रामभरोसा ढाबा के पास शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सामान खरीदकर लौट रहे एक 14 वर्षीय किशोर की ट्रक की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद अस्पताल में उसकी मौत हो गई। मृतक श्रीराम नगर निवासी टाकेश्वर साहू है, जो शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टोकरो में पदस्थ शिक्षक रुमलाल साहू का पुत्र था। इस असामयिक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक टाकेश्वर साहू (14) शनिवार सुबह अपनी मोटरसाइकिल (क्रमांक सीजी 04 सीयू 3254) से अभनपुर सामान खरीदने गया हुआ था। खरीदारी के बाद जब वह वापस घर लौट रहा था, तभी सुबह करीब 11 बजे राजिम रोड स्थित रामभरोसा ढाबा के पास यह हादसा हुआ।

**ट्रक ने मारी जोरदार टक्कर :** बताया जा रहा है कि राजिम की ओर से आ रहे ट्रक (क्रमांक सीजी 04 जेडी 1866) के चालक ने वाहन को अत्यंत तेज गति और लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए टाकेश्वर की मोटरसाइकिल को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि किशोर के सिर में गंभीर चोटें आईं और वह सड़क पर गिर पड़ा।

**अस्पताल में चिकित्सकों ने घोषित किया मृत :** हादसे की सूचना मिलने पर परिजन तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। 108 एंबुलेंस की मदद से टाकेश्वर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अभनपुर ले जाया गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामला दर्ज कर ट्रक चालक के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। मेधावी छात्र और शिक्षक के पुत्र की इस असामयिक मृत्यु ने न केवल उनके परिवार को बल्कि टोकरो और अभनपुर के पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है।

# यात्रियों से भरी बस पलटी, 20 घायल, 5 की हालत गंभीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंदिर हसौद

राजधानी रायपुर के समीप मंदिर हसौद थाना के ठीक सामने शनिवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। आरंग से रायपुर की ओर आ रही 'जैन ट्रेवल्स' की एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे बस में सवार 20 यात्री घायल हो गए। हादसे की गंभीरता को देखते हुए 5 गंभीर यात्रियों को इलाज के लिए रायपुर के मेकाहारा (अंबेडकर हॉस्पिटल) रेफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, जैन ट्रेवल्स की बस (क्रमांक सीजी 06 जी 6591) आरंग से रायपुर की तरफ आ रही थी। बस जैसे ही मंदिर हसौद थाना के पास पहुंची, ड्राइवर बस पर नियंत्रण खो बैठा। तेज रफ्तार बस सड़क के बीच बने डिवाइडर पर चढ़ गई और अनियंत्रित होकर पलट गई। थाना के ठीक सामने हादसा होने के कारण मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस बल ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घायलों को बस से बाहर निकाला।

**यात्रियों ने लगाए गंभीर आरोप :** घायल यात्रियों ने बस ड्राइवर पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए हैं। यात्रियों का कहना है कि ड्राइवर बस को काफी तेज रफ्तार से चला रहा था। कई यात्रियों ने संदेह जताया कि ड्राइवर शराब के नशे में था, जिसके कारण वह बस को सही तरीके से नियंत्रित नहीं कर पाया और हादसा हो गया। मंदिर हसौद थाना प्रभारी आशीष यादव ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल 5 यात्रियों को रायपुर के मेकाहारा अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है और ड्राइवर के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## बिजली पोल से तार चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 7 लाख के माल के साथ 4 गिरफ्तार



हरिभूमि ▶▶| तिल्दा नेवरा

तिल्दा नेवरा थाना क्षेत्र में बिजली पोल से वायर चोरी करने वाले एक संगठित गिरोह का पुलिस ने खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 7 लाख रुपए का सामान जब्त किया गया है।पुलिस के अनुसार, आरोपियों द्वारा सुनियोजित तरीके से पहले बिजली लाइन को शॉर्ट किया जाता था, जिससे पोल क्षतिग्रस्त हो जाता था। इसके बाद आरोपी एल्यूमिनियम वायर काटकर मौके से फरार हो जाते थे। मामला ग्राम कोनारी का है, जहां किसानों के कृषि पंप कनेक्शन के लिए लगाए गए बिजली पोल को अज्ञात चोरों ने तोड़कर वायर चोरी कर लिया था। इस संबंध में कनिष्ठ यंत्री अनिल कुमार वर्मा ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। साथ ही ग्रामीणों से पूछताछ और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। जांच के दौरान खरोरा निवासी देव प्रसाद पारधी पर संदेह हुआ, जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। टीआई रमाकांत तिवारी ने टीम के साथ देव प्रसाद पारधी को हिरासत में लिया पूछताछ में आरोपी ने अपने साथियों मनमोहन नारंग, हेमलाल धृतलहरे और पंकज कुमार टंडन के साथ मिलकर चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। डीएसपी वीरेंद्र चतुर्वेदी के अनुसार, आरोपियों ने तिल्दा नेवरा और खरोरा क्षेत्र में कुल पांच वारदातों को अंजाम दिया था। आरोपियों की निशानदेही पर 5500 मीटर एल्यूमिनियम वायर, केबल वायर, व्ही क्रॉस एंगल, एल्यूमिनियम कटर मशीन, एक ओमनी कार और एक दोपहिया वाहन जब्त किया गया है।जब्त सामान की कुल कीमत करीब 7 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस के मुताबिक, सभी आरोपी आदतन अपराधी हैं और पूर्व में भी विभिन्न मामलों में जेल जा चुके हैं। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ जारी है और मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# ब्राह्मण समाज सनातन संस्कृति का आधार : गणेश शंकर मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर



भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर अभनपुर में ब्राह्मण समाज द्वारा एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस उत्सव में समाज के बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और युवा शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व आईएएस व नीति आयोग के उपाध्यक्ष गणेश शंकर मिश्रा शामिल हुए। उन्होंने समाज को संबोधित करते हुए भगवान परशुराम के जीवन दर्शन और सनातन धर्म में ब्राह्मणों की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि गणेश शंकर मिश्रा ने कहा कि भगवान परशुराम ने अन्याय और अत्याचार के खिलाफ संघर्ष किया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि भगवान परशुराम की लड़ाई क्षत्रियों से नहीं, बल्कि ऐसे राजाओं से थी जो अत्याचार करते थे। उन्होंने वामपंथी विचारधाराओं पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वे ब्राह्मण समाज को इसलिए निशाना बनाते हैं क्योंकि उन्हें पता है कि यदि ब्राह्मण को समाप्त कर दिया गया, तो सनातन संस्कृति को खत्म करना आसान होगा। उन्होंने नालंदा विश्वविद्यालय का उदाहरण देते हुए कहा कि जब विदेशी आक्रमणकारियों ने नालंदा को जलाया था, तब भी ब्राह्मणों की मेधा शक्ति ने ही सनातन संस्कृति को सुरक्षित रखा। आज के समय में उन्होंने समाज को आत्मचिंतन की सलाह दी। उन्होंने कहा कि पाश्चात्य संस्कृति की ओर बढ़ते आकर्षण के कारण हम अपनी परंपराएं और संस्कार खो रहे हैं। अनुशासन और मेहनत के बिना कोई भी समाज आगे नहीं बढ़ सकता। उन्होंने परिवार टूटने की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताते हुए युवाओं को संस्कारों से जुड़ने का आह्वान किया।

**बुराइयों का अंत ही परशुराम जयंती का उद्देश्यः शशिकांत :** कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे 'मार्कफेड' के अध्यक्ष शशिकांत द्विवेदी ने कहा कि परशुराम जयंती अत्याचारों से मुक्ति और बुराइयों को खत्म करने का संकल्प लेने का दिन है। उन्होंने सभी सामाजिक बंधुओं से एकजुट होकर समाज में सौहार्द और एकता बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि भगवान विष्णु के अवतारों के उत्सव में शामिल होकर वे स्वयं को धन्य महसूस कर रहे हैं। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे, जिन्होंने भगवान परशुराम की जीवनी पर अपने विचार रखे। इनमें प्रमुख रूप स इन्द्रकुमार साहू क्षेत्रीय विधायक, उत्रसेन गहिरवारे नपाध्यक्ष, ललित मिश्रा ब्राम्हण समाज प्रदेशाध्यक्ष,

संगीता शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष, महिला मोर्चा, राकेश तिवारी समाज अध्यक्ष, संजय मिश्रा और चंद्ररमण शर्मा (वरिष्ठ समाजसेवी)। नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरी शोभायात्रा में शामिल समाजजनों ने जय परशुराम के जयघोष से पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया।

## विधायक ने किया स्काउट्स-गाइड्स प्रशिक्षण केंद्र का भूमिपूजन

# अनुशासन और सेवा से ही बनेगा सशक्त छत्तीसगढ़ : अनुज

हरभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी।



धरसींवा विधानसभा के ग्राम मांठ में आज भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ, रायपुर के जिला प्रशिक्षण केंद्र का भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस गौरवशाली अवसर पर धरसींवा विधायक श्री अनुज शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए और विधिवत पूजा-अर्चना कर केंद्र की आधारशिला रखी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि यह प्रशिक्षण केंद्र भविष्य में हमारे युवाओं के सर्वांगीण विकास, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की भावना को संवर्धन देने में मील का पत्थर साबित होगा।

स्काउटिंग केवल एक गतिविधि नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। इस केंद्र के माध्यम से क्षेत्र के युवाओं को राष्ट्र निर्माण और सेवा के लिए समर्पित होने की नई प्रेरणा मिलेगी। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स का यह केंद्र हमारे युवाओं के लिए केवल एक प्रशिक्षण केंद्र नहीं होगा, बल्कि यह एक 'संस्कार शाला' बनेगा। यहाँ से जो युवा निकलेंगे, उनके भीतर सेवा की भावना होगी, अनुशासन उनकी पहचान होगी और राष्ट्र सेवा उनके जीवन का मूल मंत्र होगा। जब हमारे युवा अनुशासित होंगे, तभी छत्तीसगढ़ और हमारा भारत सशक्त बनेगा। आज के इस दौर में जहाँ भटकाव बहुत है, स्काउट्स और गाइड्स जैसे संगठन हमें जमीन से जोड़कर रखते हैं।

### जिले के लिए गौरव का विषय

ग्राम मांठ में इस केंद्र का बनना पूरे रायपुर जिले के लिए गौरव का विषय है। यहाँ हमारे बच्चे प्रकृति के सानिध्य में सीखेंगे कि विषम परिस्थितियों में कैसे अडिग रहा जाता है। सेवा के पथ पर जो बढ़ते हैं, वही इतिहास रचते हैं।उन्होंने विश्वास जताया कि यहाँ से मिलने वाली शिक्षा युवाओं को चरित्रवान और जिम्मेदार नागरिक बनाने में सहायक होगी। मैं इस शुभ अवसर पर समस्त पदाधिकारियों और क्षेत्रवासियों को हृदय से बधाई देता हूँ। आप सभी के सहयोग से यह केंद्र भविष्य में मील का पत्थर साबित होगा। हम सब मिलकर एक ऐसे समाज का निर्माण करें जहां हर युवा आत्मनिर्भर हो, स्वाभिमानी हो और देश के प्रति समर्पित हो। इस अवसर पर विधायक अनुज शर्मा,रायपुर जिला पंचायत के अध्यक्ष श्री नवीन अग्रवाल, तिल्दा जनपद अध्यक्ष श्री टिकेश्वर मनहरे ,सुरेंद्र वर्मा, अनिल सोनी, सरोज चन्द्रवंशी, सुमित सेन, सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, स्काउट्स एवं गाइड्स के पदाधिकारी और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

पेज शेष 11 का

### आसमान से बरसती आग...

जो झुलसाती गर्मी में लोहे के तंदूर बन गए हैं। कंटेनरों में 70 से अधिक परिवारों जिसमे 150 जिंदगियां दिन-रात झुलस रही हैं। ब्लाक मुख्यालय धरसींवा से महज 04 किलोमीटर की दूरी पर कोल्हान नाला कपसदा के पास बनी इस अवैध कॉलोनी में रहने वाले मजदूर छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती इलाकों सहित पश्चिम बंगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों से अपने और अपने परिवार के पेट की आग बुझाने आए हैं। इन्हें रहने के लिए मकान नहीं दिए गए। लोहे के कंटेनर बनाए गए हैं। बारिश और सर्दी में जिंदगी जैसे-तैसे कट जाती है। लेकिन भीषण गर्मी में लोहे की चादरें सूर्य की तपिश से तपने लगती हैं, तो इन कंटेनरों के भीतर का तापमान किसी भट्टी जैसा हो जाता है। इन बंद डिब्बों में हवा का प्रवेश नाममात्र का है, और यहाँ रहने वाले 150 से अधिक लोग पल-पल नरकीय माहौल से जूझ रहे हैं।

### तपिश पर 'फर्ज' भारी ...

से अंजाम दे रहे हैं। वर्मतान में रेलवे में अभी भी 50 से अधिक ऐसे इंजन हैं, जिनमें एसी की सुविधा नहीं है। बाहर का तापमान पहले ही 45 डिग्री के आसपास है, जिससे ट्रेनें तंदूर की तरह तप रही हैं। ऐसे में इंजन के अंदर का तापमान बाहर से 5 से 8 डिग्री अधिक होता है। इस वजह से बिना एसी वाले इंजनों में पारा 50 से 55 डिग्री तक पहुंच जाता है। इसी भट्टी जैसी गर्मी में लोको पायलट ट्रेन चलाने को मजबूर हैं।

### ट्रांसफार्मरों का पारा 70 पार ...

करीब दो दर्जन कूलर लगाए गए हैं। प्रदेश के कई फीडरों में थोक में कूलरों का सहारा लिया जा रहा है। जिन भी पुराने ट्रांसफार्मरों में आइल का तापमान 70 डिग्री तक जा रहा है, वहां पर कूलर लगाने की जरूरत पड़ रही है। प्रदेशभर के फीडरों में थोक में 20 से 25 साल पुराने ट्रांसफार्मर हैं। इन ट्रांसफार्मरों की कूलिंग क्षमता कम हो जाती है। आमतौर पर ट्रांसफार्मरों में कूलिंग क्षमता होने के कारण गर्मी में ये परेशान नहीं करते हैं। गर्मी में ट्रांसफार्मरों का तापमान 60 डिग्री के आस-पास रहता है। यह सामान्य माना जाता है। लेकिन जो पुराने ट्रांसफार्मर होते हैं उनका तापमान 60 डिग्री से पार होकर 70 डिग्री या इससे ज्यादा हो जाता है। जैसे ही तापमान 60 डिग्री के पार जाता है तो ऐसे ट्रांसफार्मरों की नियमित देखरेख होती है और तापमान 70 डिग्री के करीब पहुंचने पर इनको ठंडा करने के लिए कूलर लगाने पड़ते हैं। इस समय भी राजधानी रायपुर के सिविल लाइन और डगनिया सहित अन्य फीडरों में ट्रांसफार्मरों को ठंडा करने के लिए दो दर्जन कूलर लगाए गए हैं।

### उत्पादन संयंत्र भी हांफ...

वह डेढ़ हजार मेगावाट पर आ गया है। ऐसे में सेंट्रल सेक्टर से ज्यादा बिजली लेनी पड़ी रही है। इस समय प्रदेश में बिजली की खपत पीकआवर में सात हजार मेगावाट तक जा रही है।

### तस्कर रवि साहू पर शिकंजा ...

साढ़े सात करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्ति गांजा तस्करी की कमाई से होने की जानकारी दी है। मादक पदार्थ तस्करी करने वालों की पुलिस कमिश्नरेट की यह पहली बड़ी कार्रवाई है। **पत्नी, बेटा और मां के नाम संपत्ति :** पुलिस से जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक रवि साहू ने गांजा तस्करी की अवैध कमाई से जो संपत्ति अर्जित की है। पुलिस की किसी तरह की कार्रवाई से बचने उसने उन पैसों के अपनी पत्नी, बेटा तथा मां के नाम से संपत्ति खरीदी की है। रवि साहू की जिन संपत्ति को पुलिस अटैच करने तैयारी कर रही है, हिस्ट्रीशीटर ने उन संपत्तियों को पिछले एक दशक खरीदा है। सूत्रों के मुताबिक रवि साहू ने गांजा तस्करी की कमाई से 12 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति खरीदी की है। **राजधानी के साथ कई जिलो तक फैला था कारोबार :** रवि साहू के गांजा तस्करी का काराबोर रायपुर के अलावा राज्य के कई जिलो तक फैला था। मुख्य रूप से गांजा तस्कर का कारोबार पड़ोसी राज्य महासमुंद, धमतरी, गरियाबंद, दुर्ग तथा राजनांदगांव तक फैला था। गांजा तस्कर के गुर्गे ओडिशा से गांजा तस्करी कर लाने के बाद रवि के निर्देश पर उन जिलों में संबंधित लोगों तक गांजा पहुंचाने काम करते थे। **एक से डेढ़ माह में निर्णय :** अवैध गतिविधि से अर्जित संपत्ति की सुनवाई सफेमा कोर्ट में तेजी से होती है। आने वाले सप्ताह में पुलिस पांच से छह जिन गांजा तस्करों की संपत्ति की जानकारी सफेमा कोर्ट में भेजने की तैयारी कर रही है। उन सभी मामलों की सुनवाई एक से डेढ़ माह में पूरी होने की उम्मीद है। सुनवाई पूरी होने के बाद मई-जून तक गांजा तस्करों की संपत्ति अटैचमेंट की कार्रवाई पूरी होने की संभावना है। **सफेमा कोर्ट तय करेगी :** जब कोई तस्कर या आर्थिक अपराधी काली कमाई से घर, जमीन, सोना या बैंक बैलेंस बनाता है, तो सरकार उसे 'फ्रीज' (जब्त) कर लेती है। सफेमा कोर्ट यह तय करती है कि वह संपत्ति वाकई अवैध तरीके से बनाई गई है या नहीं। अगर आरोप सिद्ध हो जाते हैं, तो कोर्ट उस संपत्ति को पूरी तरह से सरकारी घोषित कर देती है।

### फिर अटकी पैट सीटी की ...

है। इसे शुरू करने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा दी गई मोहलत भी खत्म हो चुकी है। क्षेत्रीय कैंसर संस्थान एवं आंबेडकर अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को जांच की राहत देने के लिए वर्ष 2018 में लगभग 22 करोड़ के व्यय से पैट सीटी मशीन और उसमें उपयोग आने वाला गामा कैमरा खरीदा था। खरीदी के बाद मशीन विवादों में घिर गई थी, कांग्रेस सरकार इसे चालू करने के विचार से आगे नहीं बढ़ पाई थी। भाजपा की सरकार आने के बाद उसके जनहित में शुरू होने की संभावना भी बढ़ी थी। इसके लिए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने चिकित्सा शिक्षा विभाग से जुड़े अफसरों को इसे प्रारंभ करने कई बार निर्देश दिए हैं, मगर यह काम अब तक पूरा नहीं हो पाया है। पिछली बार जारी निर्देश के आधार पर मशीन में आवश्यक सुधार के बाद इसके संचालन के लिए एजेंसी तय करने के निर्देश दिए गए थे। सूत्रों के अनुसार शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर से इसके लिए टेंडर जारी करने का प्रस्ताव बनाकर चिकित्सा शिक्षा संचालनालय के अफसरों के पास भेजा था, जिस पर पांच महीने बाद भी कुछ खास नहीं हो पाया है।

# तेज गर्मी ने बदला पैसेंजरों का शेड्यूल, सुबह-शाम वाली फ्लाइट की डिमांड ज्यादा, फेयर भी चढ़ा हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेज गर्मी की शुरुआत होने के साथ विमानों में आवाजाही करने वाले यात्रियों ने भी अपने शेड्यूल में बदलाव करना शुरू कर दिया है। सफर प्रारंभ होने के दोपहर में गंतव्य तक पहुंचने वाली फ्लाइट में यात्रियों की संख्या के साथ किराया भी कम है। वहीं सुबह-शाम की फ्लाइट के टिकट की डिमांड के साथ फेयर ज्यादा है।

ट्रैवल्स सूत्रों के अनुसार दोपहर में संचालित होने वाली फ्लाइट में यात्रा करने के लिए पैसेंजरों को तेज गर्मी के बीच एयरपोर्ट पहुंचने और लैंडिंग के बाद अपने ठिकाने तक पहुंचने के लिए असहजता होती है। इसीलिए ज्यादातर लोग सुबह अथवा शाम में संचालित होने वाली फ्लाइट में सफर करना सुविधाजनक मानते है। इसकी वजह से स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से सुबह-सुबह और दोपहर बाद की फ्लाइट के टिकटों की मांग अधिक हो गई है। डिमांड बढ़ने की वजह से फ्लेक्सिबल रूल्स के तहत सुबह-शाम की फ्लाइट का फेयर दोपहर की उड़ान की तुलना में ज्यादा है।

खासकर सुबह 11 बजे तक टेकऑफ होने वाली फ्लाइट और उसके बाद शाम चार-पांच बजे के बाद उड़ान भरने वाले विमानों में यात्रियों की संख्या अपेक्षाकृत ज्यादा है। यात्रियों की उपस्थिति अधिक होने वाले टाइमिंग के दौरान एयरपोर्ट प्रबंधन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के साथ अन्य स्टाफ की संख्या भी बढ़ाकर रखती है। अपने सफर की शुरुआत करने वाले यात्री घंटेभर पहले विमानतल पहुंचते हैं। यहां शाम के वक्त विभिन्न शहरों से आने और जाने वाले आठ फ्लाइटों के बीच का अंतराल दस से बीस मिनट के बीच का होता है।

## दोपहर में लैंड होने वाली फ्लाइट में यात्रियों की संख्या के साथ किराया भी कम

### ऐसा है टिकट की कीमतों में अंतर

ट्रैवल्स सूत्रों के मुताबिक रायपुर से उड़कर मुंबई में दोपहर 12.15 बजे लैंड होने वाली फ्लाइट का फेयर करीब 10 हजार है जबकि सुबह और शाम में वहां पहुंचने वाली फ्लाइट का किराया 12 से 16 हजार के बीच है। रायपुर से दिल्ली पहुंचने सुबह साढ़े 11 बजे की फ्लाइट का फेयर 14 हजार के करीब है वहीं सुबह शाम को वहां लैंड होने वाले एयरक्राफ्ट का फेयर 16 हजार के आसपास है। हैदराबाद में दोपहर साढ़े 12 एवं 3.55 बजे पहुंचने वाली फ्लाइट का फेयर रविवार को करीब 7 हजार है वहीं सुबह 11 एवं 10.50 को उतरने वाली फ्लाइट का किराया 8 हजार से ज्यादा है।



### कोलकाता फ्लाइट में भी

बंगाल में दूसरे चरण में 29 अप्रैल को होने वाले मतदान का असर रायपुर से रवाना होने वाली फ्लाइट पर भी पड़ा है। रविवार को संचालित होने वाली तीन में से एकमात्र फ्लाइट में सीटें बाकी है जिसका फेयर में 16 हजार के करीब है। वहीं अगले दो दिन की फ्लाइट का किराया भी सामान्य दिनों की तुलना में अधिक है। इसके पहले प्रथम चरण में 23 अप्रैल को होने वाले मतदान के पहले भी फ्लाइट किराया सामान्य से ज्यादा था। दूसरी ओर वहां के वापसी का फेयर अभी आठ से नौ हजार के बीच है।

## खबर संक्षेप

### जल जीवन मिशन में सारा गोलमाल कांग्रेस का किया-धरा : दीपक



रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता उज्ज्वल दीपक ने कहा है कि जल-जीवन मिशन को लेकर कांग्रेस यदि संवेदनशील होती तो प्रदेश में जल आपूर्ति की तस्वीर कुछ और होती, लेकिन कांग्रेस ने जल जीवन मिशन को गंभीरता से नहीं लिया और अब इस मसले पर कांग्रेस भ्रम फैला रही है। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल सरकार ने जल-जीवन मिशन शिकायत को लेकर तीन सदस्यीय टीम का गठन किया गया था, लेकिन तब भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। हालात तब गंभीर हो गए, जब इस मामले में स्वतः न्यायालय को संज्ञान लेना पड़ा। श्री दीपक ने कहा कि प्रदेश में अब तक 1084 ठेकेदारों को नोटिस दिया गया है। साथ ही अनुबंधों को निरस्त किया गया है। अमानक कार्यों के चलते कांग्रेस के शासनकाल में जल-जीवन मिशन प्रभावित हुआ है।

### सुरभि को मिली पीएचडी की उपाधि



रायपुर। मैट्स यूनिवर्सिटी ने सुरभि अग्रवाल को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनक शोध का विषय छत्तीसगढ़ राज्य के विशेष संदर्भ में चयनित सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों में ग्रीन मानव संसाधन प्रैक्टिस के अध्ययन था। उन्होंने अपना शोधकार्य मैट्स यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ. नितिन कल्ला के मार्गदर्शन में पूरा किया। वे धर्मेंद्र अग्रवाल, डॉ. सुलेखा अग्रवाल की पुत्री हैं।

### रूस में 10 दिवसीय विपश्यना शिविर, शामिल होंगे रायपुर के आचार्य

रायपुर। विपश्यना फाउंडेशन रूस के आमंत्रण पर धम्मकुटी विपश्यना ध्यान केन्द्र सिंगार भाटा रायपुर के केन्द्र आचार्य सीताराम साहू दस दिवसीय विपश्यना ध्यान शिविर संचालन करेंगे। व्लादिवोस्तोक में 28 अप्रेल से 9 मई तक आयोजित शिविर द्विभाषी अंग्रेजी एवं रूसी में होगा। छत्तीसगढ़ में स्थित चार विपश्यना ध्यान केंद्रों के केंद्र आचार्य सीताराम साहू ने बताया कि सयाजी ऊबा खिन्न की परंपरा में विश्व विपश्यना आचार्य सत्यनारायण गोयनका द्वारा सिखाए जाने वाली विश्व में 265 स्थायी विपश्यना ध्यान केंद्रों तथा 129 अस्थाई विपश्यना ध्यान केंदों में विपश्यना ध्यान शिविर आयोजित किया जाता है। इसमें भारत में 126 स्थायी विपश्यना ध्यान केंद्रों में विपश्यना ध्यान शिविर आयोजित किया जाता है

## निधन

### इंदुरेखा दयाल



रायपुर। ढेबर पिंक सिटी गायत्री नगर निवासी इंदुरेखा दयाल (88) का 25 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 26 अप्रैल को दोपहर 12 30 बजे सेंट पॉल्स प्रभु वाटिका अरविंद नगर टिकरापारा में किया जाएगा। वे स्व. विवियन दयाल की पत्नी, निशांत दयाल एवं अमिता दास की माता थीं।

### गोविंद दास डागा



रायपुर। आरंग के समाजसेवी गोविंद दास डागा का 23 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। वे अतुल कुमार एवं अखिल कुमार के पिता थे।

### बालकृष्ण गुमडेलवार



रायपुर। जगन्नाथ मंदिर, गायत्री नगर निवासी बालकृष्ण गुमडेलवार (80) का 25 अप्रैल को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 26 अप्रैल को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे स्व. नारायण स्वामी गुमडेलवार के पुत्र और सूरज व धीरज के पिता थे।

## निगम ने बढ़ाया प्रदर्शन शुल्क, बड़े कार्यक्रम पर अतिरिक्त भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत निजी और शासकीय भूमि पर मीना बाजार, आनंद मेला और व्यापार मेला लगाने के लिए लगने वाले प्रदर्शन शुल्क में बढ़ोतरी की गई है। प्रति 10 हजार वर्गफीट तक जगह का व्यावसायिक उपयोग करने पर प्रतिदिन के हिसाब से 500 रुपए शुल्क लगेगा।




■ सरकारी प्रदर्शनी व सरकारी आयोजन को छूट

प्रदर्शन कर में यह वृद्धि सामान्य सभा में पारित होने के बाद निगम आयुक्त विश्वदीप ने आदेश जारी कर दिया है। वृद्धि की गई दरों की सूची के अनुसार सिनेमा गृह 50 रुपए प्रति शो यथावत, सर्कस 100 रुपए प्रति शो को यथावत रखा गया है। जादूगर 200 रुपए प्रति शो यथावत, मॉल 600 रुपए प्रति शो, मीना बाजार प्रदर्शन शुल्क 500 रुपए प्रतिदिन यथावत रहेगा। प्रदर्शनी, आनंद मेला, व्यापार मेला, उद्योग मेला एवं अन्य प्रदर्शन शुल्क 500 रुपए प्रतिदिन लगेगा।

मीना बाजार, प्रदर्शनी, आनंद मेला, व्यापार मेला, उद्योग मेला व अन्य में अतिरिक्त प्रदर्शन शुल्क लगेगा, क्योंकि आयोजन में बहुत बड़े क्षेत्र का व्यावसायिक उपयोग होता है और इस भूमि से नगर निगम को कोई राजस्व प्राप्त नहीं होता है, इसलिए भूमि चाहे निजी हो या शासकीय, प्रति 10 हजार वर्गफीट तक भूमि का व्यावसायिक उपयोग करने पर 500 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से अतिरिक्त प्रदर्शन शुल्क लिया जाएगा। यह शुल्क प्रति 10 हजार वर्गफीट पर 500 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से बढ़ता जाएगा। शासकीय प्रदर्शनी और शासकीय आयोजन इस शुल्क से छूट के दायरे में आएंगे। निगम आयुक्त विश्वदीप द्वारा जारी आदेश 11 अप्रैल से प्रभावशील कर दिया गया है। मॉल के सिनेमाघरों के प्रदर्शन शुल्क में वृद्धि प्रति स्क्रीन प्रति शो के अनुसार देय रहेगी।

## बर्तन दुकान की आड़ में गैस का अवैध कारोबार, 5 सिलेंडर जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी धड़ल्ले से जारी है। इस कारोबार में जहां कुछ गैस एजेंसियां संलिप्त हैं, वहीं कई लोग अन्य दुकानों की आड़ में भी यह कारोबार कर रहे हैं। हालांकि इसकी शिकायत मिलने पर खाद्य विभाग भी लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को कुशालपुर में एक बर्तन दुकान की आड़ में घरेलू गैस सिलेंडरों का अवैध कारोबार करने वाले दुकानदार के विरुद्ध खाद्य विभाग ने कार्रवाई की है। शिकायत मिलने पर इस दुकान में छापा मारते हुए टीम ने 5 घरेलू सिलेंडर जब्त किया है। तीन दिन के भीतर यह दूसरी कार्रवाई है। दो दिन पहले विभाग ने चंगोराभाठा में भी एक चॉइस सेंटर में दबिश देकर यहां से 10 घरेलू सिलेंडर एवं 13 उज्जवला के गैस कार्ड बरामद किए थे।

खाद्य विभाग के अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को दोपहर में विभाग को शिकायत मिली थी कि कुशालपुर में पहाड़ तालाब के पास हरिओम बर्तन दुकान में गैस सिलेंडरों का अवैध कारोबार किया जा रहा है। दुकानदान अवैध रूप से दुकान में गैस सिलेंडर बेचने का काम करता है। इस सूचना पर विभाग की टीम ने बिना देर किए इस दुकान में छापेमार कार्रवाई की। इस दौरान दुकान में उसका संचालक रोशन शाह बैठा हुआ था। जांच में इस दुकान के अंदर वाले कमरे में कपड़ों से सिलेंडरों को ढंक कर छिपाकर रखा गया था। दुकान से 4 घरेलू सिलेंडर एवं 5 किलोग्राम का 1 सिलेंडर जब्त किया गया है। सभी सिलेंडर खाली थे। दुकानदार ने पूछताछ में अधिकारियों को बताया कि वह पहले चाइनीज फूड्स की दुकान लगाता था, जिसे उसने बंद कर दिया है। हालांकि इस दौरान उसके पास जब्त किए गए सिलेंडरों का एक भी कार्ड या दस्तावेज नहीं मिला। इसके आधार पर टीम ने सभी सिलेंडर को जब्ती बनाकर इस क्षेत्र में संचालित एक गैस एजेंसी के सुपुर्द किया, वहीं इस मामले में दुकानदार के विरुद्ध प्रकरण बनाया है।



### गैस एजेंसियों से सांठगांठ की आशंका

दुकानों से बरामद किए गए सिलेंडर संचालकों के पास कहां से आए है। इसकी जांच विभाग द्वारा की जा रही है। हालांकि जिस तरह से दोनों दुकानों में बड़ी संख्या में सिलेंडर एवं गैस कार्ड बरामद किए गए हैं, उससे यह आशंका भी जताई जा रही है कि इन दुकानदारों का कहीं न कहीं गैस एजेंसियों से भी सांठगांठ हैं। हालांकि इसका खुलासा जांच के बाद ही होगा।

### चॉइस सेंटर की आड़ में अवैध सिलेंडरों का कारोबार

विभाग की टीम ने दो दिन पहले ही कुशालपुर के रिंग रोड के उस पार चंगोराभाठा इलाके में पहाड़ भवन के पास संचालित एक चॉइस सेंटर में छापा मारा था। इस दुकान का नाम अपना चॉइस सेंटर बताया जा रहा है। टीम ने इस दुकान से 10 नग गैस सिलेंडरों के अलावा 14 उज्जवला गैस कार्ड जब्ती बनाए है। इससे पता चलता है कि दुकानदार चॉइस सेंटर की आड़ में अवैध गैस सिलेंडरों का कारोबार करता है। हालांकि सूत्र से यह भी जानकारी मिली है कि हरिओम बर्तन दुकान एवं चॉइस सेंटर के संचालक आपस में रिश्तेदार है। हालांकि इसकी अभी पुष्टि नहीं हो पाई है।

### एफआईआर कराई जाएगी

संकट के इस दौर में एलपीजी की कालाबाजारी करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं। इस प्रकरण में दुकानदारों के विरुद्ध एफआईआर करायी जाएगी। - ***भूपेंद्र मिश्रा,*** *खाद्य नियंत्रक रायपुर*

## कॉमिक्स के पात्र मोटू पतलू का अभिनय करते स्वच्छता जन जागरण रैली




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ शंकर नगर में स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर पहल

राजधानी के शंकर नगर इलाके में आम जनता को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने जोन 3 के स्वास्थ्य विभाग ने रैली निकाली। इस रैली में कामिक्स के पात्र मोटू -पतलू बनकर अभिनय करते कलाकार आकर्षण का केंद्र बने। जोन अध्यक्ष साधना-प्रमोद साहू और शंकर नगर वार्ड पार्षद राजेश गुप्ता की उपस्थिति में स्वच्छता जागरूकता रैली के माध्यम से वार्ड वासियों को साफ-सफाई की अहमियत बताई गई। केन्द्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 की तैयारी में जुटे रायपुर नगर निगम द्वारा केंद्रीय टीम आने से पूर्व नगर निगम के दस जोन में जोनवार स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में शनिवार को नगर निगम जोन 3 क्षेत्र में जन जागरण रैली निकाली गई। 4 डिब्बा सिस्टम पर जोर देते हुए स्वच्छता दीदी और सफाई मित्रों ने लोगों को यह बताया कि घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरा को अलग-अलग डिब्बे में रखकर कचरा कलेक्शन के लिए आने वाले सफाई मित्रों को दें। यह रैली पार्षद राजेश गुप्ता के नेतृत्व में निकाली गई कार्यक्रम में जोन कमिश्नर प्रीति सिंह, कार्यपालन अभियंता ईश्वरलाल टावरे, सहायक अभियंता नरेश साहू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी पूरन तांडी सहित वार्ड वासी शामिल हुए।

### आसमान से बरसती आग और...

जो झुलसाती गर्मी में लोहे के तंदूर बन गए हैं। कंटेनरों में 70 से अधिक परिवारों जिसमे 150 जिंदगियां दिन-रात झुलस रही हैं। ब्लाक मुख्यालय धरसींवा से महज 04 किलोमीटर की दूरी पर कोल्हान नाला कपसदा के पास बनी इस अवैध कॉलोनी में रहने वाले मजदूर छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती इलाकों सहित पश्चिम बंगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों से अपने और अपने परिवार के पेट की आग बुझाने आए हैं। इन्हें रहने के लिए मकान नहीं दिए गए। लोहे के कंटेनर बनाए गए हैं। बारिश और सर्दी में जिंदगी जैसे-तैसे कट जाती है। लेकिन भीषण गर्मी में लोहे की चादरें सूर्य की तपिश से तपने लगती हैं, तो इन कंटेनरों के भीतर का तापमान किसी भट्टी जैसा हो जाता है। इन बंद डिब्बों में हवा का प्रवेश नाममात्र का है, और यहाँ रहने वाले 150 से अधिक लोग पल-पल नरकीय माहौल से जूझ रहे हैं।

### तपिश पर 'फर्ज' भारी ...

से अंजाम दे रहे हैं। वर्मतान में रेलवे में अभी भी 50 से अधिक ऐसे इंजन हैं, जिनमें एसी की सुविधा नहीं है। बाहर का तापमान पहले ही 45 डिग्री के आसपास है, जिससे ट्रेनें तंदूर की तरह तप रही हैं। ऐसे में इंजन के अंदर का तापमान बाहर से 5 से 8 डिग्री अधिक होता है। इस वजह से बिना एसी वाले इंजनों में पारा 50 से 55 डिग्री तक पहुंच जाता है। इसी भट्ठी जैसी गर्मी में लोको पायलट ट्रेन चलाने को मजबूर हैं।

### ट्रांसफार्मरों का पारा 70 पार ...

करीब दो दर्जन कूलर लगाए गए हैं। प्रदेश के कई फीडरों में थोक में कूलरों का सहारा लिया जा रहा है। जिन भी पुराने ट्रांसफार्मरों में आइल का तापमान 70 डिग्री तक जा रहा है, वहां पर कूलर लगाने की जरूरत पड़ रही है। प्रदेशभर के फीडरों में थोक में 20 से 25 साल पुराने ट्रांसफार्मर हैं। इन ट्रांसफार्मरों की कूलिंग क्षमता कम हो जाती है। आमतौर पर ट्रांसफार्मरों में कूलिंग क्षमता होने के कारण गर्मी में ये परेशान नहीं करते हैं। गर्मी में ट्रांसफार्मरों का तापमान

## पेज 11 के शेष ...

60 डिग्री के आस-पास रहता है। यह सामान्य माना जाता है। लेकिन जो पुराने ट्रांसफार्मर होते हैं उनका तापमान 60 डिग्री से पार होकर 70 डिग्री या इससे ज्यादा हो जाता है। जैसे ही तापमान 60 डिग्री के पार जाता है तो ऐसे ट्रांसफार्मरों की नियमित देखरेख होती है और तापमान 70 डिग्री के करीब पहुंचने पर इनको ठंडा करने के लिए कूलर लगाने पड़ते हैं। इस समय भी राजधानी रायपुर के सिविल लाइन और डगनिया सहित अन्य फीडरों में ट्रांसफार्मरों को ठंडा करने के लिए दो दर्जन कूलर लगाए गए हैं।

### उत्पादन संयंत्र भी हांफ...

वह डेढ़ हजार मेगावाट पर आ गया है। ऐसे में सेंट्रल सेक्टर से ज्यादा बिजली लेनी पड़ी रही है। इस समय प्रदेश में बिजली की खपत पीकआवर में सात हजार मेगावाट तक जा रही है।

### तस्कर रवि साहू पर शिकंजा ...

साढ़े सात करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्ति गांजा तस्करी की कमाई से होने की जानकारी दी है। मादक पदार्थ तस्करी करने वालों की पुलिस कमिश्नरेट की यह पहली बड़ी कार्रवाई है। **पत्नी, बेटा और मां के नाम संपत्ति** : पुलिस से जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक रवि साहू ने गांजा तस्करी की अवैध कमाई से जो संपत्ति अर्जित की है। पुलिस की किसी तरह की कार्रवाई से बचने उसने उन पैसों के अपनी पत्नी, बेटा तथा मां के नाम से संपत्ति खरीदी की है। रवि साहू की जिन संपत्ति को पुलिस अटैच करने तैयारी कर रही है, हिस्ट्रीशीटर ने उन संपत्तियों को पिछले एक दशक खरीदा है। सूत्रों के मुताबिक रवि साहू ने गांजा तस्करी की कमाई से 12 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति खरीदी की है। **राजधानी के साथ कई जिलो तक फैला था कारोबार** : रवि साहू के गांजा तस्करी का काराबोर रायपुर के अलावा राज्य के कई जिलो तक फैला था। मुख्य रूप से गांजा तस्कर का कारोबार पड़ोसी राज्य महासमुंद, धमतरी, गरियाबंद, दुर्ग तथा राजनांदगांव तक फैला था। गांजा तस्कर के गुर्गे ओडिशा से गांजा तस्करी कर लाने के बाद रवि के निर्देश पर उन जिलों में संबंधित लोगों तक गांजा पहुंचाने काम करते थे। **एक से डेढ़ माह में निर्णय** : अवैध गतिविधि से अर्जित संपत्ति की सुनवाई सफेमा कोर्ट में तेजी से होती है। आने वाले सप्ताह में पुलिस पांच से छह जिन गांजा तस्करों की संपत्ति की जानकारी सफेमा कोर्ट में भेजने की तैयारी कर रही है। उन सभी मामलों की सुनवाई एक से डेढ़ माह में पूरी होने की उम्मीद है। सुनवाई पूरी होने के बाद मई-जून तक गांजा तस्करों की संपत्ति अटैचमेंट की कार्रवाई पूरी होने की संभावना है। **सफेमा कोर्ट तय करेगी** : जब कोई तस्कर या आर्थिक अपराधी काली कमाई से घर, जमीन, सोना या बैंक बैलेंस बनाता है, तो सरकार उसे 'फ्रीज' (जब्त) कर लेती है। सफेमा कोर्ट यह तय करती है कि वह संपत्ति वाकई अवैध तरीके से बनाई गई है या नहीं। अगर आरोप सिद्ध हो जाते हैं, तो कोर्ट उस संपत्ति को पूरी तरह से सरकारी घोषित कर देती है।

### फिर अटकी पैट सीटी की ...

है। इसे शुरू करने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा दी गई मोहलत भी खत्म हो चुकी है। क्षेत्रीय कैंसर संस्थान एवं आंबेडकर अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को जांच की राहत देने के लिए वर्ष 2018 में लगभग 22 करोड़ के व्यय से पैट सीटी मशीन और उसमें उपयोग आने वाला गामा कैमरा खरीदा था। खरीदी के बाद मशीन विवादों में घिर गई थी, कांग्रेस सरकार इसे चालू करने के विचार से आगे नहीं बढ़ पाई थी। भाजपा की सरकार आने के बाद उसके जनहित में शुरू होने की संभावना भी बढ़ी थी। इसके लिए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने चिकित्सा शिक्षा विभाग से जुड़े अफसरों को इसे प्रारंभ करने कई बार निर्देश दिए हैं, मगर यह काम अब तक पूरा नहीं हो पाया है। पिछली बार जारी निर्देश के आधार पर मशीन में आवश्यक सुधार के बाद इसके संचालन के लिए एजेंसी तय करने के निर्देश दिए गए थे। सूत्रों के अनुसार शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर से इसके लिए टेंडर जारी करने का प्रस्ताव बनाकर चिकित्सा शिक्षा संचालनालय के अफसरों के पास भेजा था, जिस पर पांच महीने बाद भी कुछ खास नहीं हो पाया है।

## बिजनेस साइट

### सिपेट में वार्षिक उत्सव 'आरोहण 2026' का भव्य आयोजन



रायपुर। सिपेट कोरबा में गुरुवार को वार्षिक उत्सव 'आरोहण 2026' का भव्य आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन तथा विशिष्ट अतिथि संजू देवी राजपूत रहीं। अतिथियों का स्वागत सिपेट कोरबा के प्रधान निदेशक डॉ. आलोक साहू ने किया। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस दौरान संस्थान और ऑल इंडिया स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम, देशभक्ति गीत और लोकनृत्य समारोह का मुख्य आकर्षण रहे। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों की मेहनत की सराहना करते हुए अनुशासन और निरंतर प्रयास का संदेश दिया। साथ ही छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य संवर्धन के लिए विधायक मद से जिम स्थापना हेतु 5 लाख रुपए देने की घोषणा की। कार्यक्रम में खेलकूद विजेताओं को भी सम्मानित किया गया।

### रायपुर के डॉ. कुनाल ओस्टवाल को मिला 'शाइनिंग स्टार अवॉर्ड 2026'




रायपुर। राजधानी रायपुर स्थित ओस्टवाल हार्ट केयर के संचालक एवं हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. कुनाल ओस्टवाल को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित 'शाइनिंग स्टार अवॉर्ड 2026' से सम्मानित किया गया है। कॉन्फ्रेंस में देशभर के हृदय रोग विशेषज्ञों की उपस्थिति रही, जहां इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी के क्षेत्र में उत्कृष्ट और जटिल प्रक्रियाओं में उल्लेखनीय कार्य करने वाले चुनिंदा 20 से 30 कार्डियोलॉजिस्ट को यह सम्मान दिया जाता है। डॉ. कुनाल ओस्टवाल को यह अवॉर्ड जटिल हृदय रोग उपचार एवं इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। विशेष बात यह है कि छत्तीसगढ़ से यह सम्मान प्राप्त करने वाले डॉ. कुनाल ओस्टवाल पहले कार्डियोलॉजिस्ट बने हैं।


















**खबर संक्षेप**

## होटलों में जांच, नोटिस दिया, सैंपल उठाया



**रायपुर।** खाद्य सुरक्षा टीम ने शनिवार को भाटापारा एवं दामाखेड़ा में जांच अभियान चलाया। दामाखेड़ा के साहू होटल एवं स्वीट्स में खाद्य पदार्थ ढंककर नहीं रखने व फ्रिज में गंदगी पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम की धारा 55 के तहत नोटिस जारी किया गया। भाटापारा शहर के आयुष डेयरी व पटेल डेयरी दतरेंगी का औचक निरिक्षण किया। पटेल डेयरी से मलाई क्रीम का नमूना लेकर जाँच हेतु राज्य खाद्य परिक्षण प्रयोगशाला भेजा गया। पूर्व महीनो में जॉच हेतु लिए गये नमूनों में अविनाश पोहा इंडस्ट्रीज भाटापारा के पैक्ड पोहा व शीतल इंडस्ट्रीज भाटापारा के पैक्ड बेसन में पोषण संबंधी जानकारी अपूर्ण होने के कारण मिथ्याछाप घोषित किया गया है।

## कार्यशाला के माध्यम से मनाया गया विश्व मलेरिया दिवस



**रायपुर।** रविवार को विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी के निर्देशन में कार्यशाला का आयोजन किया गया। नोडल अफसर डॉ विमल किशोर राय एवं डीपीएम मनीष कुमार मैजरवार उपस्थित थे। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में अरविंद टेक्निकल ऑफिसर एनसीडीसी फील्ड यूनिट लालपुर एवं कुमार सिंह जिला सलाहकार एनवीबीडीसीपी रहे। कार्यशाला में मलेरिया उन्मूलन के लिए कार्य करने पर जोर दिया गया।

## आयुष्मान कार्ड से हुआ निशुल्क इलाज

**रायपुर।** सुकमा के मिचवार में रहने वाली बुधरी मड़काम के लिए मेगा सुपर स्पेशलिटी हेल्थ कैंप उम्मीद की नई किरण बनकर सामने आया। गंभीर बीमारी से जूझ रही बुधरी की हालत लगातार बिगड़ रही थी। कैंप में हुई जांच ने स्थिति की गंभीरता को पहचान लिया और प्रशासन की तत्परता से उसे सही उपचार की दिशा में तुरंत आगे बढ़ाया गया। बुधरी को तत्काल एम्स रायपुर रेफर कराया गया। एक सप्ताह की जांच के बाद बुधरी को दुर्लभ बीमारी सरकॉइडोसिस होने की पुष्टि हुई और 7 अप्रैल से 22 अप्रैल तक 15 दिनों के इलाज के बाद वह पूरी तरह स्वस्थ होकर घर लौट आई। सबसे बड़ी राहत यह रही कि आयुष्मान कार्ड के माध्यम से पूरा उपचार निःशुल्क हुआ।

# प्रदेश में बिजली की खपत 7000 मेगावाट पार, सोलर का योगदान सिर्फ 300 मेगावाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश में जैसे-जैसे गर्मी तेवर दिखा रही है, बिजली की खपत का पारा भी लगातार चढ़ रहा है। बिजली की खपत अब तो सात हजार मेगावाट के पार चली गई है। जहां तक सोलर से बिजली मिलने का सवाल है तो प्रदेश में पीएम सूर्य घर योजना से जहां महज 150 मेगावाट बिजली ही मिल पा रही है, वहीं राजनांदगांव के सौ मेगावाट के संयंत्र सहित अन्य छोटे संयंत्रों को मिलाकर 150 मेगावाट बिजली और मिल रही है। कुल मिलाकर सोलर से बिजली का योगदान प्रदेश में महज 300 मेगावाट है। पॉवर कंपनी के संयंत्रों में तीन संयंत्रों के खराब होने से अपना उत्पादन इस समय 15 से 16 सौ मेगावाट पर सिमट गया है। ऐसे में रोज सेंट्रल सेक्टर से पांच हजार मेगावाट बिजली लेनी पड़ रही है। अप्रैल में ही पारा आसमान पर चला गया है। तापमान 44 से 45 डिग्री तक पहुंच गया है। ऐसे में प्रदेशभर में एसी और कूलर दिन-रात चल रहे हैं। इसकी वजह से खपत का पारा भी रोज चढ़ रहा है। दिन के समय ही खपत 65 से 66 सौ मेगावाट तक जा रही है। पीक ऑवर में शाम को खपत का पारा और चढ़ने के कारण कभी भी खपत सात हजार मेगावाट के पार हो रही है।

**तीन संयंत्र खराब, अपना उत्पादन 15 से 16 सौ मेगावाट :** छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर के संयंत्रों की उत्पादन क्षमता 2960 मेगावाट है। लेकिन कभी भी उत्पादन 26 से 27 सौ मेगावाट तक ही हो पाता है। इस समय तो अपना उत्पादन 15 से 16 सौ मेगावाट तक ही हो रहा है। इस समय कोरबा वेस्ट के संयंत्र में एक 210 मेगावाट के दो संयंत्र खराब है। इसी के साथ मड़वा में एक 500 मेगावाट का संयंत्र भी खराब है।

### सेंट्रल सेक्टर से लेनी पड़ रही है रोज 5000 मेगावाट बिजली

खास खबर

#### सोलर की बिजली ऊंट के मुंह में जीरा

पीएम सूर्य घर योजना के लिए केंद्र के साथ प्रदेश सरकार भी सब्सिडी दे रही है। इसके बाद भी प्रदेश में साल भर में 52 हजार घरों में ही सोलर पैनल लग सके हैं। इनकी क्षमता 182 मेगावाट है, लेकिन जहां तक बिजली मिलने का सवाल है तो 150 से 160 मेगावाट तक ही बिजली मिल रही है। इसी के साथ राजनांदगांव में एक सौ मेगावाट का बड़ा संयंत्र है। इसके अलावा कुछ और छोटे संयंत्र हैं। इनसे भी 150 मेगावाट बिजली ही मिल पा रही है।



#### खपत ज्यादा पर बिजली की कमी नहीं

अप्रैल में ही इस बार खपत सात हजार मेगावाट के पार हो गई है। अपने तीन संयंत्र भी खराब हैं, लेकिन सेंट्रल सेक्टर से ज्यादा बिजली लेकर पूर्ति कर रहे हैं। प्रदेश में पीएम सूर्य घर योजना, राजनांदगांव के बड़े संयंत्र सहित अन्य संयंत्रों को मिलाकर सोलर से 300 मेगावाट बिजली मिल रही है।

**- संजीव कुमार कटियार,** एमडी, उत्पादन कंपनी

## गन्ना बेचने वाले किसानों के 83 करोड़ का भुगतान भी अटका

# शक्कर कारखाने बंद होने की कगार पर, 267 करोड़ का घाटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर।

प्रदेश में संचालित सहकारी शक्कर के कारखाने 267 करोड़ रुपए के घाटे में हैं। इस कारण से शक्कर कारखाने जहां पहले से ही बंद होने की कगार पर हैं, वहीं दूसरी ओर अब इन कारखानों को गन्ना की आपूर्ति करने वाले कई किसानों ने भी अब गन्ना उपलब्ध कराने से हाथ खींच लिए हैं। बताया गया कि इन किसानों को गन्ना के बदले राशि का जो हर साल भुगतान होता है, उसमें से 83 करोड़ 39 लाख रुपए की राशि पिछले कई वर्षों से बकाया है। इसके कारण किसानों की आर्थिक स्थिति लगातार कमजोर हो रही है। स्थिति यह है कि किसानों ने अब अपनी बकाया राशि को लेकर अल्टीमेटम भी दे दिया है, जिसके तहत 10 दिनों के भीतर अगर बकाया राशि का भुगतान नहीं किया जाता, तो किसान सभी शक्कर कारखानों में ताला जड़कर अपना विरोध जताएंगे।

हरिभूमि फॉलोअप

### मिलवार किसानों को भुगतान की स्थिति

नवीन शेष ने बताया कि आकड़ों के अनुसार भोरमदेव शुगर मिल में 255818.87 मीट्रिक टन गन्ना क्रय हुआ। यहां 84.18 करोड़ रुपए की खरीदी के मुकाबले 57.49 करोड़ का भुगतान हुआ है, जबकि 26.69 करोड़ रुपए अब भी बकाया है। इसी प्रकार पंडरिया शुगर मिल में 121721.64 मीट्रिक टन गन्ना क्रय हुआ, जहां 40.05 करोड़ में से केवल 13.73 करोड़ रुपए का भुगतान हुआ, जबकि 26.32 करोड़ रुपए बकाया है।


शक्कर कारखानों में 12 लाख मीटरिक टन का टारगेट, उत्पादन 60 हजार
घाटे की कड़वाहट में डूबे सरकारी कारखाने
दुकानों में नहीं शक्कर, अफसर बना रहे बहाने

### 15 दिनों के भीतर भुगतान का नियम, 10 दिन में नहीं हुआ तो तालाबंदी

प्रदेश महामंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार के नियमों के अनुसार किसानों का भुगतान 15 दिनों के अंदर होना अनिवार्य है, लेकिन बकाया राशि का भुगतान कई महीनों से नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि 10 दिनों के भीतर किसानों का बकाया भुगतान नहीं किया गया, तो राज्य के चारों शुगर मिलों के गोदामों में ताला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

### कारखानों में उत्पादन कम होने से उचित मूल्य दुकानों से शक्कर गायब

इधर शक्कर कारखानों के करोड़ों रुपए के घाटे में चलने के कारण गन्ना की आपूर्ति भी कम हो गई है। इसके कारण कारखानों में अब शक्कर का उत्पादन में भी भारी गिरावट आई है। इसका असर सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत उचित मूल्य की दुकानों में देखा जा रहा है। इन दुकानों में अब शक्कर का भंडारण ही नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण पिछले कई महीनों से प्रदेश में 50 से 60 प्रतिशत हितग्राहियों को ही शक्कर मिल पा रही हैं।

### इस तरह आई शक्कर उत्पादन में गिरावट

आंकड़ों के अनुसार चालू वर्ष 2025-26 में शक्कर उत्पादन में भारी गिरावट आई है। चालू वर्ष में 15 फरवरी की अवधि तक चारों कारखानों में 12 लाख 64 हजार मीट्रिक टन लक्ष्य की तुलना में कुल 56707 मीट्रिक टन शक्कर का ही उत्पादन हुआ है। भोरमदेव कारखाना में 450000 मीट्रिक टन की तुलना में वर्ष 2022 में 38552.80 मीट्रिक टन, 2023 में 43393.40 मीट्रिक टन, 2024 में 25901.40 मीट्रिक टन का उत्पादन हुआ। इसी प्रकार सरदार वल्लभभाई पटेल कारखाना में 2022 में 4 लाख मीट्रिक टन लक्ष्य की तुलना में 33690 मी.टन, 2023 में 3 लाख 50 हजार मी. टन की तुलना में 43393 मी.टन, 2024 में 4 लाख की तुलना में 16451.95 मी.टन शक्कर का उत्पादन हुआ। मां महामाया कारखाना में साढ़े तीन लाख मीट्रिक टन की तुलना में 2022 में 23807.35 मी.टन, वर्ष 2023 में 26030 मी.टन, वर्ष 2024 में 18398 मी.टन तथा दंतेश्वरी मैया कारखाना में वर्ष 2022 में 65 हजार मीट्रिक टन की तुलना में 6334.50 मी.टन, वर्ष 2023 में 70 हजार मी.टन की तुलना में 7513.25 मी.टन एवं वर्ष 2024 में 70 हजार मी.टन की तुलना में 6668.25 मी.टन शक्कर क उत्पादन हुआ।

# गाइडलाइन और नियम वापस बदले तो रियल एस्टेट को मिला नया जीवन नई योजनाओं की रफ्तार तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



रियल एस्टेट में नए साल के पौने चार माह में ही रिकॉर्डतोड़ 71 नई योजनाएं लांच हो गई हैं। यह साल बहुत ज्यादा अच्छा जाने के आसार हैं। कलेक्टर गाइड लाइन में बीते साल किए गए बड़े बदलाव के कारण दिसंबर में रियल एस्टेट की योजनाएं प्रभावित हो गई थीं, लेकिन बाद में प्रदेश सरकार ने रियल एस्टेट कारोबारियों की सुनी और गाइड लाइन और नियमों बदलाव किया गया, तो नई योजनाओं को नया जीवन मिल गया है। बीते साल मंदी का दौर रहा, जहां इस बार घर कम बिके हैं, वहीं नई योजनाएं भी बीते साल कम लांच हुई। बीते साल 147 नई योजनाओं का ही रेरा में पंजीयन हुआ था, जबकि 2024 में 161 योजनाओं का पंजीयन हुआ था। 2023 में सबसे ज्यादा मंदी रही, क्योंकि 137 नई योजनाओं ही आईं, जबकि 2022 में रिकॉर्डतोड़ 273 योजना लांच हुई थीं। लेकिन अब नए साल 2026 में योजनाओं की रफ्तार तेज हो हो गई हैं।

**बीते साल दिसंबर में सबसे कम योजनाएं :** बीते साल की बात करें तो इस साल जनवरी और फरवरी में 11-11 योजनाओं का रेरा में पंजीयन हुआ। इसके बाद मार्च में 14, अप्रैल में 21, मई में 13, जून में 9, जुलाई में 10, अगस्त में 8, सितंबर में 10, अक्टूबर में 11 और नवंबर में जहां सबसे 22 योजनाओं का पंजीयन हुआ, वहीं दिसंबर में सबसे कम महज 7 योजनाएं आई।

### 2022 में बना रिकॉर्ड

रियल एस्टेट से जुड़ी हर योजना को अब रेरा से मंजूरी लेनी पड़ती है। चाहे वह सरकारी योजना हो या फिर निजी योजना उनको रेरा में पंजीयन के बिना प्रारंभ नहीं किया जा सकता है। रेरा में जब फरवरी 2018 से पंजीयन प्रारंभ हुआ तो यही साल ऐसा रहा, जिसमें रिकॉर्डतोड़ 897 योजनाओं का पंजीयन हुआ। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि हर बिल्डर को अपनी पुरानी योजनाओं का भी पंजीयन कराना जरूरी था। दूसरे साल पुरानी और नई योजनाओं को मिलाकर 192 योजनाएं मंजूर हुईं। 2020 में कोरोना काल होने के बाद भी 100 नई योजनाओं का पंजीयन रेरा में हुआ। 2021 में पिछला रिकॉर्ड टूटा और 136 नई योजनाओं का पंजीयन हुआ। 2022 में योजनाओं की बाढ़ आई। इस साल 273 नई योजनाएं आईं। इसके बाद 2023 में योजनाओं की रफ्तार धीमी हो गई साल भर में महज 137 योजनाओं आईं। 2024 में योजनाओं की रफ्तार में कुछ इजाफा हुआ और साल भर में 161 नई योजनाएं आईं। फिर से 2025 में योजनाओं की रफ्तार धीमी हो गई। अब नए साल में भी ज्यादा योजनाएं आने की संभावना है।

**पंडरी के कैट प्रदेश कार्यालय में कार्यशाला**

# अग्निशमन विभाग ने व्यापारियों को बताए आगजनी से बचाव के उपाय

**रायपुर।** कैट की छत्तीसगढ़ और अग्निशमन विभाग की ओर से राजधानी में व्यापारियों को आगजनी से बचाव के प्रति जागरूक करने कार्यशाला का आयोजन किया गया। पंडरी स्थित पगारिया व्यवसायिक परिसर के प्रथल स्थित सभागार में कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यशाला में अनिमा एस. कुजूर संभागीय सेनानी एवं नोडल अधिकारी एसडीआरएफ रायपुर संभाग, कैट छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन विक्रमसिंह देव, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी पुष्पराज सिंह मौजूद रहे।

कार्यशाला में प्रतिभागियों को यह बताया गया कि आग लगने की स्थिति में सबसे पहले बिजली सप्लाई बंद कर दें। कैट के प्रदेश कार्यालय में प्रारंभिक अग्नि दुर्घटना से बचाव और सुरक्षा के संबंध में संगोष्ठी के माध्यम से जागरूक करने के साथ ही मॉक डील के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर संभागीय




सेनानी अनिमा कुजूर ने कहा आग लगने की दशा में भयभीत या परेशान न हों। लगातार आग लगने की घटनाओं से व्यापार की निरंतरता और संचालन पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। आग लगने की घटनाएं प्रमुख तीन कारण से होती है। जिनमें बिजली का शार्ट सर्किट होना, या गैस सिलेंडर या स्टोव का फटना है।

कार्यशाला में जिला सेनानी और जिला अग्निशमन अधिकारी पुष्पराज सिंह ने कहा बढ़ते शहरीकरण के साथ अग्नि सुरक्षा एक बेहद महत्वपूर्ण विषय है। इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

# धर्म प्रचार के लिए विदेशी फंडिंग, केंद्रीय एजेंसी अलर्ट फंड लेने वाले एनजीओ की जानकारी जुटाई जा रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पूर्व में नक्सल हिंसा से जूझ रहे बस्तर तथा धमतरी में धर्म प्रचार के लिए साढ़े छह करोड़ विदेशी फंडिंग की जानकारी सामने आने के बाद केंद्रीय एजेंसी सतर्क हो गई है।

केंद्रीय एजेंसी इसकी जानकारी जुटा रही है कि बस्तर, धमतरी में किन लोगों के माध्यम से धर्म प्रचार के लिए विदेशी फंडिंग की गई। इसके साथ ही केंद्रीय एजेंसी इसकी भी जानकारी जुटा रही है कि धर्म प्रचार के लिए कभी धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र रहे बस्तर तथा धमतरी को ही क्यों चुना गया।

राज्य में संचालित हो रहे एनजीओ के बारे में जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक यहां एक लाख से ज्यादा एनजीओ संचालित हो रहे हैं।

■ राज्य के 15 से 20 एनजीओ विदेशी फंडिंग लेने पात्र

राज्य में संचालित एनजीओ के बारे में जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक 15 से 20 एनजीओ ही विदेशी फंडिंग लेने के पात्र हैं। ऐसे में जिन एनजीओ को विदेश फंडिंग मिलती है, ऐसे एनजीओ की गतिविधियों की केंद्रीय एजेंसी जानकारी जुटा रही है, साथ ही पता लगाया जा रहा है कि राज्य के जिन एनजीओ को विदेशी फंड मिलता है, उनका फॉरेन कंट्रीब्यूशन रेग्यूलेशन एक्ट (एफसीआरए) में रजिस्ट्रेशन है या नहीं। एफसीआरए में रजिस्ट्रेशन नहीं होने के बावजूद ऐसे एनजीओ ने विदेशी फंड हासिल किया है, तो उनके खिलाफ केंद्रीय एजेंसी कार्रवाई करेगी।

### दिल्ली एसबीआई में अकाउंट अनिवार्य

विदेश से फंड लेने वाले एनजीओ के लिए आरबीआई की गाइड लाइन के अनुसार दिल्ली एसबीआई में अकाउंट होना जरूरी है। एनजीओ को दिल्ली एसबीआई के अकाउंट के माध्यम से विदेशी चंदा मिलेगा। केंद्रीय जांच एजेंसी इसकी भी जानकारी जुटा रही है कि राज्य के जिन एनजीओ को धर्म प्रचार के लिए फंडिंग की गई है, उन एनजीओ का दिल्ली एसबीआई में अकाउंट है कि नहीं।

### कार्रवाई से सहमे एनजीओ संचालक

देश के साथ राज्य में धर्म प्रचार के नाम से यूएसए से अवैध तरीके से एनजीओ को फंडिंग होने का खुलासा होने के बाद विदेश से फंडिंग लेने वाले एनजीओ सहमे हुए हैं। उन्हें डर है कि केंद्रीय एजेंसी द्वारा विदेशी फंडिंग की जांच के दायरे में वे भी आ सकते हैं। इसके लिए विदेशी फंडिंग लेने वाले एनजीओ संचालक अकाउंट सुधरवाने सीए के पास पहुंच रहे हैं।

# एंबुलेंस की आड़ में गांजा तस्करी, दो तस्करों को 20-20 साल कैद, दो-दो लाख जुर्माना

**रायपुर।** आमानाका थाना क्षेत्र में तीन वर्ष पूर्व एंबुलेंस की आड़ में गांजा तस्करी करने वाले दो तस्करों को कोर्ट ने 20-20 साल कैद के साथ दो-दो लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। प्रकरण की सुनवाई विशेष न्यायाधीश किरण थवाइत की एनडीपीएस कोर्ट में हुई।

पुलिस ने तस्करों के कब्जे से डूमर तालाब सरोना जाने वाले मार्ग पर तस्करों के कब्जे से गांजा जब्ती किया था। विशेष लोक अभियोजक भुवन लाल साहू के अनुसार कोर्ट ने सूरज खुंटे, कमलकांत चंद्रा उर्फ गोलू को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। पुलिस द्वारा कोर्ट में पेश केस डायरी के अनुसार उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी कि इको कार जिसमें एंबुलेंस लिखा है, उस कार में संदिग्ध चीज का परिवहन किया जा रहा है। इसके बाद पुलिस ने कार को घेराबंदी कर रोका। कार की तलाशी लेने पर अलग-अलग 72 पैकेट थे। पैकेट खोलकर जांच करने पर गांजा मिला।






# हरिभूमि लाइव

रायपुर, रविवार 26 अप्रैल 2026

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



02



16 डिग्री पर लगातार एसी चलाने से...


## एजुकेशन अलर्ट

### स्टेनोग्रॉफर के 700 से ज्यादा पदों पर रजिस्ट्रेशन शुरू, 12वीं पास युवाओं के लिए मौका




**रायपुर।** कर्मचारी चयन आयोग की ओर से स्टेनोग्रॉफर के पदों पर भर्ती के लिए ऑफिशियल नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। जो उम्मीदवार सरकारी नौकरी करने का सपना देख रहे हैं। वे एसएससी स्टेनोग्रॉफर के पदों पर आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती के लिए आवेदन शुरू हो गए हैं। इसके साथ ही इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार 15 मई, 2026 तक ऑफिशियल वेबसाइट ssc.gov.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। उम्मीदवारों को 20 और 21 मई को फॉर्म में सुधार करने का मौका भी दिया जाएगा।

#### कौन कर सकते हैं आवेदन

स्टेनोग्राफर ग्रेड-सी के पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की आयु 18 से 30 वर्ष निर्धारित की गई है। इसके साथ ही स्टेनोग्रॉफर ग्रेड-डी के पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की आयु 18 से 27 वर्ष निर्धारित है। उम्मीदवारों की आयु की गणना 01 अगस्त, 2026 के आधार पर की जाएगी। आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को आयु-सीमा में छूट भी दी जाएगी। इन पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवार भारत के किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कक्षा 12वीं उत्तीर्ण होना चाहिए। स्टेनोग्राफर के पदों पर आवेदन करने के लिए रजिस्ट्रेशन फीस का भुगतान करना अनिवार्य है। अनारक्षित वर्ग के उम्मीदवारों के लिए एप्लिकेशन फीस 100 रुपए निर्धारित की गई है। इसके अलावा, एससी एवं एसटी और महिला उम्मीदवारों को रजिस्ट्रेशन फीस में छूट दी गई है।


#### इस तरह रहेगा एग्जाम पैटर्न

परीक्षा में उम्मीदवारों से जनरल इंटेलिजेंस, रीजनिंग, सामान्य जागरूकता और अंग्रेजी विषय से 200 अंकों के 200 बहुविकल्पीय प्रकार के सवाल पूछे जाएंगे। परीक्षा में प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.25 अंक का नकारात्मक अंकन भी किया जाएगा। लिखित परीक्षा में चयनित किए गए उम्मीदवारों को स्किल टेस्ट के लिए भी बुलाया जाएगा। इसके साथ ही जो उम्मीदवार स्किल टेस्ट में चयनित किए जाएंगे उन्हें दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया में शामिल होना होगा। परीक्षा कंप्यूटर मोड में आयोजित कराई जाएगी। परीक्षा में पास होने के लिए जनरल वर्ग के उम्मीदवारों को 30 प्रतिशत, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों को 25 प्रतिशत और आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को पास होने के लिए न्यूनतम 20 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।

## छत्तीसगढ़ की बेटियों और महिलाओं ने खूबियों को बनाया ताकत, खुद बनीं आत्मनिर्भर

# मॉडलिंग-फोटोशूट और विज्ञापनों में दिखाया हुनर देश-विदेश में मॉडल्स बिखेर रहीं 'फैशन का जलवा'

'दो दशक पहले तक महिलाओं और बेटियों को घर-गृहस्थी तक सीमित रखा जाता था, लेकिन अब बेटियों और महिलाओं ने हौसले की उड़ान भरनी शुरू की है। मॉडलिंग, फोटोशूट और विज्ञापनों में भी वे अपनी प्रतिभा दिखा रही हैं। इसके लिए देश-विदेश में सजाए जाने वाले फैशन शो के मंचों पर न केवल जलवा बिखेर रही हैं, बल्कि इस फील्ड में करियर संवारते हुए आत्मनिर्भर भी बन रही हैं।



रायपुर। वे घर-परिवार के दायित्वों का निर्वहन करते हुए भी सालाना 5 से 10 लाख रुपए कमा रही हैं। साथ ही गृहिणियों को भी मंचों तक पहुंचाने में अहम दायित्व निभा रही हैं।'छत्तीसगढ़ की बेटियां और महिलाएं मॉडलिंग, फैशन, फोटोशूट और विज्ञापनों में अपनी प्रतिभा का जलवा बिखेर रही हैं। कई प्राइवेट कंपनियों के विज्ञापनों में काम करने के साथ ही साड़ियों और कपड़ों की सेलिंग बढ़ाने के लिए फोटोशूट का भी हिस्सा बन रहीं। रैंप वॉक करने से पहले खुद को प्रीपेयर करने के लिए पारंगत महिलाओं द्वारा दिए जाने वाले प्रशिक्षण में शामिल होने के साथ अपनी कमियों को दूर करते हुए बेहतर मॉडल बनकर उभर रही हैं। इस फील्ड में सोशल एक्टिविटी से जुड़ी महिलाएं ही नहीं, साइंटिस्ट और डॉक्टर्स ने भी प्रतिभा के दम पर अलग मुकाम हासिल किया है। इनके द्वारा अब स्कूल, कॉलेज के दिनों में जिन महिलाओं ने खुद के शौक को दबाकर रखा, ऐसी प्रतिभाओं को मंच देने का दायित्व भी निभा रही हैं।

### गृहिणियों का जीवन संवारने के लिए भी पहल

न्यू राजेंद्र नगर निवासी डॉ. रूना शर्मा ने एलईडी बल्ब सहित दर्जनभर से ज्यादा विज्ञापनों में काम करने के अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि थाईलैंड, अमेरिका और नेपाल में फैशन शो का हिस्सा बनीं। इसके साथ ही फोटोशूट के जरिए भी कई संस्थाओं के साथ जुड़कर काम करती हूं। उन्होंने बताया कि गृहिणियों का जीवन संवारने के लिए आर्नव फाउंडेशन के माध्यम से अभी तक सात हजार से ज्यादा महिलाओं को प्रशिक्षण दिया, ताकि वे घर के दायित्वों को निभाने के साथ आत्मनिर्भर बन सकें। डॉ. शर्मा ने बताया कि प्रतिदिन के हिसाब से फोटोशूट का 10 हजार से एक लाख तक चार्ज करती हैं।

### महिलाओं को प्रमोट करने के लिए प्लानिंग



*रायपुर निवासी सोनल सिंह राठौर ने यादें साझा करते हुए बताया कि रायपुर, जयपुर और दिल्ली में होने वाले फैशन शो में शिरकत करने का अवसर मिला। शादी से पहले ब्यूटी आईकॉन इंडिया की विनर रहीं। अब मॉडलिंग, फोटोशूट और विज्ञापनों के लिए काम करती हूं। इससे सालाना 5 से 10 लाख की इनकम होने से परिवार को आर्थिक रूप से मजबूती मिल रही। उन्होंने बताया कि ह्यूमन एम्पॉवरमेंट के लिए काम करते हुए आगामी दिनों में इस क्षेत्र में महिलाओं को प्रमोट करने के लिए प्लानिंग की है। जल्द ही इससे महिलाओं को भी जोड़ने की तैयारी है, ताकि वे किसी के भरोसे रहने के बजाय खुद आत्मनिर्भर बनें और आगे बढ़ें।*



### इस फील्ड में गृहिणियों ने करियर बनाना शुरू किया

*सरोना निवासी विपुल चौधरी ने बताया कि दो साल पहले ही इस फील्ड में काम शुरू किया है। मॉडलिंग और फोटोशूट के साथ विज्ञापनों के लिए काम करने का शौक पढ़ाई जीवन से ही था। साइंटिस्ट के रूप में करियर बनाने के बाद शौक को सहेजने के लिए प्रयास शुरू किया। घर-परिवार और प्रोफेशन के बीच तालमेल बनाने में फैमिली के लोगों का भी सपोर्ट मिलता है। अब जॉब के साथ ही फैशन और मॉडलिंग के लिए भी समय निकाल लेती हूं। छोटे आयोजनों के बजाय बड़े मंचों के लिए खुद को प्रीपेयर करने में ज्यादा फोकस करती हूं। बदलते समय के साथ गृहिणियों ने भी इस फील्ड में करियर बनाना शुरू किया है।*

## सिटी लाइव

### गोमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान दिलाने करेंगे देशव्यापी पहल



**रायपुर।** गोमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान दिलाने के लिए गौ सम्मान आव्हान अभियान की कड़ी में आगामी 27 अप्रैल को देशव्यापी पहल की जाएगी। रायपुर के सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में "गौ सम्मान आव्हान अभियान" के अंतर्गत प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी संत गोपालानंद सरस्वती महाराज, बालयोगेश्वर रामबालक दास ने दी। उन्होंने बताया कि प्रेसवार्ता का उद्देश्य सोमवार को देशभर की 5 हजार तहसीलों में प्रार्थना पत्र देना है। साथ ही आयोजित अभियान एवं ज्ञापन की विस्तृत जानकारी लोगों तक पहुंचानी है। इस वार्ता में सुरभि दास महाराज के सान्निध्य में प्रश्नों का उत्तर दिया गया। साथ ही बड़ी संख्या में उपस्थित गो सेवक-सेविकाओं और गोपालक, समाजसेवी, समाज प्रमुख, व्यापारी वर्ग, एनजीओ प्रतिनिधि एवं प्रबुद्धजनों को अभियान का हिस्सा बनने आव्हान किया गया।

#### इन मार्गों से भजन-कीर्तन करते निकलेंगे गौ सेवक

यह अभियान पूर्णतः शांतिपूर्ण, श्रद्धा एवं आस्था से प्रेरित जनजागरण के लिए किया जा रहा है। इसमें किसी प्रकार का विरोध-प्रदर्शन नहीं किया जाएगा, बल्कि भजन-कीर्तन एवं प्रार्थना के माध्यम से भावनाएं व्यक्त की जाएंगी। साधु-संतों के अगवाई में यात्रा मां महामाया मंदिर, शीतला मंदिर, बूढ़ातालाब, गणेश मंदिर, कालीबाड़ी, नगर निगम कार्यालय, ओसीएम चौक, आकाशवाणी राजभवन मार्ग, जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचेगी। भरत भाई महाराज और प्रवीण शर्मा ने यह जानकारी दी।



#### जनमानस द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जाएगा

"गौ सम्मान आव्हान अभियान" के अंतर्गत 27 अप्रैल को देशभर में एक साथ 5000 से अधिक तहसीलों में प्रार्थना पत्र भी दिया जाएगा। इस क्रम में छत्तीसगढ़ राज्य के 33 जिलों के 229 तहसीलों में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। राजधानी में इस अवसर पर सभी श्रद्धालु सुबह 10 बजे मां महामाया मंदिर पुरानी बस्ती में एकत्रित होंगे। जहां से शांतिपूर्ण भजन-कीर्तन करते हुए संतों के साथ तहसील कार्यालय तक यात्रा निकाली जाएगी। जहां जनमानस द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गोमाता को "राष्ट्रमाता" का सम्मान दिलाना, गोमाता एवं गोवंश की सेवा, सुरक्षा एवं संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना है।

## संस्कृति ज्ञान परीक्षा में उत्कृष्ट छात्रों का गायत्री परिवार ने किया सम्मान



**रायपुर।** गायत्री परिवार द्वारा भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी में सम्मानित किया गया। यह परीक्षा छत्तीसगढ़ के विभिन्न विद्यालयों में आयोजित की गई थी। इसमें लाखों की संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था। सम्मान समारोह में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के प्रदेश संयोजक श्याम बैस और गायत्री परिवार ट्रस्ट के सहायक प्रबंध ट्रस्टी सदाशिव हथमल विशेष रूप से मौजूद थे। इस संबंध में परीक्षा के जिला प्रभारी रामपाल तिवारी ने बताया कि छात्र-छात्राओं को भारतीय संस्कृति, परंपराओं और नैतिक मूल्यों की जानकारी देना, देशभक्ति और सांस्कृतिक गर्व की भावना विकसित करना, नैतिक शिक्षा और आध्यात्मिक शिक्षा प्रदान करना इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य है। यह परीक्षा देशभर में संचालित की गई।

### शिक्षा और करियर बनाने किया प्रोत्साहित

परीक्षा में प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 30 विद्यार्थियों को गायत्री परिवार के जोन और शक्तिपीठ के पदाधिकारियों ने गायत्री शक्तिपीठ में प्रमाणपत्र और पुरस्कार दिए। प्रदेश स्तर पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को सम्मानित भी किया गया। समारोह के समापन पर सभी को बधाई देते हुए ट्रस्टी दीनानाथ शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा परिणाम के आधार पर विद्यार्थियों को आगे की शिक्षा और करियर के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर जोन प्रभारी सुखदेव निर्मलकर, जोन की समन्वयक आदर्श वर्मा मंचस्थ रहीं।

## महिलाओं को साइबर क्राइम से बचाव और शासकीय योजनाओं की दी जानकारी




**रायपुर।** लघु उद्योग भारती महिला इकाई, द्वारा एमएसएमई प्रायोजित कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन और उद्यमी महिला सम्मान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं को साइबर क्राइम से बचाव और शासकीय योजनाओं की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कंप्यूटर प्रशिक्षण ले रही 30 महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर स्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लघु उद्योग भारती की प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. दुबे, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ओम सिंघानिया, प्रदेश महिला प्रभारी गीता वर्मा, एमएसएमई के अतिरिक्त निदेशक योगेश कुमार, साइबर क्राइम दुर्ग संभाग के डॉ. संकल्प राय, बीडीएस कॉलेज की प्राचार्य जसप्रीत कौर सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे ।कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ. संकल्प राय ने महिलाओं को साइबर क्राइम से बचाव के महत्वपूर्ण टिप्स दिए। वहीं एमएसएमई के अतिरिक्त निदेशक योगेश कुमार ने महिला उद्यमियों के लिए संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. दुबे, ओम सिंघानिया और गीता वर्मा ने प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को प्रमाणपत्र और प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इकाई अध्यक्ष रश्मि वर्मा ने बताया कि कुल 30 महिलाओं ने कंप्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त किया है, जिससे वे अपने व्यवसाय को और अधिक सशक्त बना सकेंगी।

## अंबुजा मॉल में फाइट नाइट दंगल का आयोजन, मध्यप्रदेश बना विजेता

# बॉक्सिंग का महामुकाबला: 'फाइट नाइट दंगल' में मध्यप्रदेश ने मारी बाजी, छत्तीसगढ़ के 2 खिलाड़ियों को मिले स्वर्ण पदक

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** इंडियन एमेच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन के तत्वावधान में फाइट नाइट दंगल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को रोमांचक मुकाबले दिखाए। कुल 8 बाउट में 5 पुरुष एवं 3 महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। मुकाबलों में शुभम निषाद, लक्ष्मी, छत्रपाल महिलांग, दीपाली, ध्रुव गुज्जर, स्वाति ठाकुर, शाहेंशाह रुलहाक और कपिल शर्मा ने अपने-अपने वर्ग में जीत दर्ज की। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का दबदबा रहा, जहां 6 खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीते, जबकि छत्तीसगढ़ के 2 खिलाड़ी स्वर्ण पदक विजेता बने। आयोजन में सभी विजेता खिलाड़ियों को 7000 रुपए नकद, मेडल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए, जबकि उपविजेताओं को 5000 रुपए नकद, मेडल एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। टीम इवेंट में मध्यप्रदेश विजेता रही, जिसे शील्ड के साथ 21000 रुपए नकद पुरस्कार दिया गया। वहीं उपविजेता रही छत्तीसगढ़ टीम को 11000 रुपए नकद, मेडल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। मध्यप्रदेश के सत्येंद्र सोनकर को विजेता टीम के रूप में भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया।




### प्रतिभागी हुए सम्मानित

समापन समारोह में अतिथियों एवं प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अंत में छत्तीसगढ़ बॉक्सिंग संघ की अध्यक्ष हर्षिता पांडे ने सभी अतिथियों, सहयोगियों, मीडिया एवं आयोजन से जुड़े सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए टंकराम वर्मा कैबिनेट मंत्री, अमरजीत छाबड़ा, अध्यक्ष राज्य अल्प संख्यक आयोग, डॉ. वर्णिका शर्मा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग, अनुज शर्मा, विधायक धरसींवा, रुस्तम सारंग अंतर्राष्ट्रीय वेटलिफ्टिंग खिलाड़ी सह संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग की उपस्थिति रही।

### जमीनी स्तर तक प्रशिक्षित रेफरी तैयार करना उद्देश्य

कार्यक्रम के दौरान डॉ. राकेश मिश्र ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में इस तरह के आयोजन से बॉक्सिंग के क्षेत्र में नई प्रतिभाएं उभरेंगी। उन्होंने खिलाड़ियों को विशेष प्रशिक्षण देने की बात कही, जिससे वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें। छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश के बीच रोमांचक मुकाबले, खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार व सम्मान; रेफरी-जजेज कोर्स में 12 प्रतिभागी सफल इस आयोजन के साथ ही चार दिनों से चल रहे रेफरी-जजेज कोर्स का भी समापन हुआ। इसमें 12 प्रतिभागियों ने परीक्षा दी और सभी सफल रहे। 5 महिला एवं 7 पुरुष प्रतिभागियों ने आरजे-वन परीक्षा उत्तीर्ण की। महासचिव राकेश ठकरान ने बताया कि फेडरेशन का उद्देश्य जमीनी स्तर तक प्रशिक्षित रेफरी एवं जज तैयार करना है, ताकि मुकाबलों में निष्पक्षता बनी रहे।

**एसी की सर्विसिंग नहीं होने से खराब वायरिंग, गैस लीकेज और शॉर्ट सर्किट की बढ़ जाती है समस्या**

# 16 डिग्री पर लगातार एसी चलाने से कम्प्रेसर फटने का खतरा, 20 मिनट बाद नॉर्मल मोड जरूरी, 700 घंटे उपयोग के बाद सर्विसिंग अनिवार्य

राजधानी में तेज गर्मी से बचने इन दिनों लोगों ने एसी का उपयोग बढ़ा दिया है। तपती गर्मी में अत्याधिक एसी के इस्तेमाल से अब एयर कंडीशनर के फटने की भी घटनाएं आम होने लगी हैं। शुक्रवार को एक फ्लैट में अचानक एसी से धुआं निकलने लगा था, जिसे बाद ब्लास्ट हो गया। ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं। हरिभूमि ने शहर में एसी इलेक्ट्रिशियन से बातचीत की और जानने का प्रयास किया कि तेज गर्मी में किस तरह से एसी का उपयोग करना चाहिए, जिससे एसी के फटने की संभावनाएं खत्म हो जाएं।

**रायपुर।** सैमसंग के इलेक्ट्रिशियन मुकेश नेताम ने बताया कि आमतौर पर लोग एसी की सर्विसिंग समय पर नहीं कराते हैं, जिससे एसी में खराब वायरिंग के साथ गैस लीकेज और शॉर्ट सर्किट की भी समस्या बढ़ जाती है। इनके कारण एसी में आग लगने और फटने की घटनाएं होती हैं। उनका कहना है कि अभी तेज गर्मी में जल्दी कमरे को ठंडा करने या फिर अधिक ठंडी हवा पाने के लिए एक ही मोड में एसी का इस्तेमाल करते हैं। पंखे की रफ्तार एक गति पर लंबे समय तक चलने के कारण मोटर गर्म हो जाती है और आग लगने जैसी दुर्घटनाएं होती हैं।





## एक्सटेंशन कॉर्ड का इस्तेमाल खतरनाक

एसी को कभी भी साधारण मल्टी-प्लग या एक्सटेंशन कॉर्ड से न चलाएं। एसी को हमेशा अलग और सही रेटिंग कम से कम 15-20 एम्पियर वाले सॉकेट और मिनिएचर सर्किट ब्रेकर से ही जोड़ें, ताकि लोड बढ़ने पर एमसीबी तुरंत ट्रिप हो जाए। आउटडोर यूनिट (कम्प्रेसर) को दीवार से बिल्कुल सटाकर न रखें। हवा के वेंटिलेशन के लिए इसके चारों ओर कम से कम 1 से 2 फीट की खाली जगह होनी चाहिए। जगह न मिलने पर कंप्रेसर हीट होकर फट सकता है। एसी में शॉर्ट सर्किट का एक बड़ा कारण चूहे होते हैं। वे अक्सर वायरिंग कुतर देते हैं और जब एसी चालू होता है तो खुली तारों के टकराने से सीधे आग लग जाती है। तारों की नियमित जांच जरूरी है।

## 700 घंटे के बाद एसी की सर्विसिंग जरूरी

एसी के इलेक्ट्रीशियन का कहना है कि शहर में हर साल एसी फटने का मुख्य कारण लंबे समय सर्विसिंग का नहीं होना पाया गया है। इसलिए 700 घंटे के बाद एसी की सर्विसिंग करा लेनी चाहिए। नए तरह के एसी में अब ऑटो क्लीन का भी विकल्प आने लगा है। लोटस के इलेक्ट्रिशियन कमल साहू ने बताया कि गर्मी में गैस लीकेज, कम्प्रेसर, कूलिंग कॉइल्स और एयर फिल्टर की जांच जरूरी है। लोग इस पर ध्यान नहीं देते। एसी अगर पुराना हो गया है तो कम्प्रेसर मोटर को ऐसी जगह पर लगाएं ताकि धूप सीधी न पड़े। जल्दी ठंडा करने करने अगर टेम्पेचर 16 कर रहे हैं तो 20 मिनट के बाद फिर वापस नॉर्मल मोड पर कर दें। इससे ब्लास्ट होने के खतरे से बचा जा सकता है।

## पहचान सकते हैं गैस लीकेज की बदबू

एसी से गैस लीकेज से भी आग लगने की खतरा बढ़ जाता है। इलेक्ट्रिशियन के अनुसार गैस के पाइप पर पानी डालकर लीकेज गैस का पता लगाया जा सकता है। गैस लीकेज की बदबू भी आती है। गर्मी में फिल्टर की सफाई एक से दो सप्ताह के बीच कर लेने से भी खतरा काफी टल जाता है। लगातार 10 से 12 घंटे चलाने से भी एसी ओवरहीटिंग होता है। इसलिए 5 से 6 घंटे के बीच कुछ समय के लिए बंद कर सकते हैं। एसी फटने की शिकायत ज्यादातर पुराने एसी में अधिक है।

## शिवरीनारायण में कल से शुरू होगी नौ दिवसीय श्रीराम कथा

**रायपुर।** शिवरीनारायण में 27 अप्रैल से नौ दिवसीय श्रीरामकथा का आयोजन होने जा रहा है। जहां तुलसी पीठाधीश्वर, पद्मविभूषण जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज के श्रीमुख से कथा का अमृतपान करने का अवसर भक्तों को मिलने वाला है। मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता में यह जानकारी शनिवार को डॉ. अशोक हरिवंश एवं विशाल खंडेलवाल ने दी। उन्होंने बताया कि 27 अप्रैल से 5 मई तक शिवरीनारायण में भव्य श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का वाचन प्रतिदिन शाम 4 से बजे तक होगा। जहां श्रद्धालु भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मयार्दा और भक्ति के भावों से जुड़ सकेंगे। कथा का आयोजन हरिवंश कृपा राम मिलेंगे आश्रम, तेंदुआ धाम (शिवरीनारायण) में किया जाएगा। इसके लिए आयोजन स्थल को विशेष रूप से सजाया जा रहा है। स्वामी रामभद्राचार्य महाराज 22 भाषाओं के विद्वान, 250 से अधिक ग्रंथों के रचयिता तथा ज्ञानपीठ एवं साहित्य अकादमी सहित कई प्रतिष्ठित सम्मानों से अलंकृत हैं। वह दिव्यांग विश्वविद्यालय के आजीवन कुलाधिपति भी हैं। उनकी ओजस्वी वाणी ने असंख्य लोगों के जीवन को आध्यात्मिक दिशा दी है। इस आयोजन को सामाजिक समरसता के संदेश के साथ जोड़ा गया है।



रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

पटेल बोरवेल्स
मोटर बाईंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO CRI C.R.I. PUMPS
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

25 सालों का विश्वास
शीतल कूलर के निर्माता
कूलर हाउस
Sunday Open
रूम ठंडा करने की गारंटी फीटिंग के साथ
गांधी चौक मंहत कॉलेज नगर निगम चौक, रायपुर
आकाश जैन - 98261-64650, रतन जैन - 98271-29211

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593

VY HOSPITAL
We care for your Health
॥ मंगल भवन, अमंगलहारी ॥
स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में बनाएं अपना सुनहरा भविष्य !
PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE NABH ACCREDITED
भारत में तेजी से बढ़ते हेल्थकेयर सेक्टर में करियर की असीम संभावनाएं
TOP COURSES AFTER 10th & 12th
नेशनल काउंसिल ऑफ वोकेशनल एंड रिसर्च ट्रेनिंग काउंसिल से मान्यता प्राप्त
Reg. No. NCVRT / CG / 90002/VTC

एन.सी.वी.आर.टी. कोर्स उपलब्ध
ब्लड बैंक टेक्नीशियन | 12 वीं / स्नातक के बाद
हेल्थ असिस्टेंस | 10 वीं के बाद
इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन | 12 वीं / स्नातक के बाद
आईसीयू टेक्नीशियन | 12 वीं / स्नातक के बाद
वृद्धावस्था देखभाल | 10 वीं के बाद

संस्थान की विशेषताएँ
☑ 6 एकड़ का विस्तृत कैम्पस एवं सुविधायुक्त छात्रावास
☑ प्रायोगिक प्रशिक्षण हेतु स्वयं का 200 बिस्तरों का हॉस्पिटल
☑ उच्च प्रशिक्षित शिक्षकों एवं डॉक्टरों द्वारा प्रशिक्षण
☑ प्रायोगिक कार्य हेतु आधुनिक टेक्नोलॉजी उपलब्ध
☑ सर्व सुविधायुक्त मेस एवं कैंटीन
☑ कोर्स के उपरांत 100% रोजगार हेतु कैम्पस प्लेसमेंट

आधुनिक लैब
कम्प्यूटर लैब

वी वाय इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस
(VY HOSPITAL से सम्बद्ध)
0771-4622263, 9098882018
वी वाय हॉस्पिटल
प्रवेश प्रारंभ
कमल विहार, सेक्टर- 12, न्यू धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन : 0771-4622222 7225024301 7225024302
टोल फ्री: 1800-1234-775
Limited Seats Available
वेबसाइट : www.vyhospital.in
मेल : info@vyhospital.in

## सिटी खेल

### प्लेट ग्रुप में कवर्धा, सरगुजा बिलासपुर, राजनांदगांव जशपुर और रायगढ़ की जीत



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर प्लेट ग्रुप अंतर जिला टी 20 क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को शानदार मैच हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में टीम कवर्धा विरुद्ध बस्तर में परिणाम कवर्धा ने छह विकेट से जीता। आरडीसीए रायपुर में टीम सरगुजा विरुद्ध महासमुंद में परिणाम सरगुजा ने 6 विकेट से जीता। दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में टीम बिलासपुर (ब्लू ) विरुद्ध कोरिया जिला में परिणाम बिलासपुर ब्लू ने 47 रन से जीता। रघुराज स्टेडियम बिलासपुर में टीम राजनांदगांव विरुद्ध धमतरी में परिणाम राजनांदगांव ने 7 विकेट से जीता। दल्ली राजहरा में हुए मैच में टीम जशपुर विरुद्ध दंतेवाड़ा में परिणाम में जशपुर ने 24 रन से जीता । न्यू ग्राउंड कांकेर में टीम रायगढ़ विरुद्ध कांकेर में परिणाम रायगढ़ ने दो विकेट से जीता।

### एलिट ग्रुप और अंडर-19 के मुकाबले आज से

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-16 एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के चार दिवसीय मैच 26 अप्रैल से प्रारंभ हो रहे हैं। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में बीएसपी विरुद्ध बिलासपुर, राजनांदगांव में प्लेट कंबाइंड विरुद्ध भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन, दल्ली राजहरा में राजनांदगांव विरुद्ध रायपुर ब्लू और न्यू ग्राउंड कांकेर में दुर्ग विरुद्ध रायपुर के बीच मुकाबला होगा। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित महिला अंडर-19 एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत रविवार 26 अप्रैल को मुकाबले होंगे। जिसमें कल्याण कॉलेज ग्राउंड में टीम नॉर्थ जोन विरुद्ध सेंट्रल जोन और मिनी स्टेडियम खुर्सीपार में टीम ईस्ट जोन विरुद्ध साउथ जोन के मैच होंगे।

#### विटामिन ए-बी, सी और डी की कमी का असर जानिए जरूर

# विटामिन की कमी सीधा असर डालती है आपकी सेहत पर, जानिए इसकी कितनी जरूरत होती है हम सभी को

शरीर को स्वस्थ, ऊर्जावान और रोगों से सुरक्षित रखने के लिए विटामिन ए, बी,सी और डी बेहद जरूरी होते हैं। क्या आपकी डाइट में इन विटामिन्स की भरपूर मात्रा है? डाइट ठीक तो सेहत ठीक, हम सभी इस बारे में सुनते रहते हैं। अच्छी और हेल्दी डाइट शरीर में जरूरी पोषक तत्वों की पूर्ति में मदद करती है। इससे शरीर को ठीक तरीके से काम करने के लिए आवश्यक विटामिन्स की पूर्ति हो जाती है।

हालिया जारी एक रिपोर्ट में बताया गया है कि किस तरह से फाइबर की कमी हमारी सेहत के लिए मुश्किलें बढ़ाने वाली हो सकती है। फाइबर की तरह हमें नियमित रूप से कई तरह के विटामिन्स की भी जरूरत होती है। कई बार हम स्वाद और जल्दी के चक्कर में ऐसी चीजें खा लेते हैं जो पेट तो भर देती हैं, लेकिन शरीर को जरूरी पोषण नहीं दे पातीं।

यही कारण है कि कम उम्र में भी थकान, कमजोरी, बाल झड़ने, हड्डियों में दर्द, आंखों की कमजोरी, बार-बार बीमार पड़ने और त्वचा की समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। क्या आपकी डाइट में शरीर के लिए जरूरी विटामिन्स हैं? विटामिन ए, बी, सी, डी की पर्याप्त मात्रा ये सुनिश्चित करती है कि आंखों से लेकर दिल की सेहत और इम्युनिटी बढ़ाने से लेकर हड्डियों को मजबूत होती है।

### क्या कहती हैं डायटीशियन?

पुणे स्थित एक अस्पताल में डायटीशियन श्वेता गर्ग कहती हैं, विटामिन ए, बी, सी और डी सबसे महत्वपूर्ण माने जाते हैं। ये चारों विटामिन शरीर के अलग-अलग हिस्सों को मजबूत रखने



का काम करते हैं। विटामिन ए आंखों की रोशनी और इम्यूनिटी के लिए जरूरी है वहीं विटामिन-बी शरीर की ऊर्जा और दिमागी कार्यों के लिए, विटामिन सी रोग प्रतिरोधक क्षमता और त्वचा के लिए, जबकि विटामिन डी हड्डियों और दिल की मजबूती के लिए बेहद अहम माना जाता है। कहीं आपके शरीर में इन विटामिन्स की कमी तो नहीं है?

### विटामिन ए की कमी से क्या होता है?

विटामिन ए आंखों, त्वचा और इम्यून सिस्टम के लिए जरूरी माना जाता है। इसकी कमी आंखों की सेहत बिगाड़ सकती है। रात में कम दिखना यानी नाइट ब्लाइंडनेस, कम दिखना या आंखों का दिक्कत हो रही है तो ये विटामिन-ए की कमी का संकेत हो सकता है। इस विटामिन के लिए गाजर, शकरकंद, कद्दू, पालक, मेथी खाएं। पीले और नारंगी रंग की फल-सब्जियों में ये विटामिन भरपूर मात्रा में होता है।

### विटामिन बी की कमी

विटामिन बी शरीर में ऊर्जा बनाने, नसों को स्वस्थ रखने के साथ दिमाग को सक्रिय रखने और खून बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसकी कमी होने के कारण थकान, कमजोरी, चक्कर आने, हाथ-पैरों में झुनझुनी, याददाश्त कमजोर होने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। विटामिन बी12 की कमी से एनीमिया, कमजोरी और मानसिक भ्रम तक हो सकता है। शाकाहारी लोगों में इसकी कमी अधिक देखी जाती है। दूध, दही, पनीर, अंडे, मछली से विटामिन बी की पूर्ति हो सकती है।

### विटामिन सी की कमी

विटामिन सी शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने वाला सबसे महत्वपूर्ण पोषक तत्वों में से एक है। इसकी कमी से बार-बार सर्दी-जुकाम, कमजोरी, मसूड़ों से खून आने, घावों को भरने में समय लगने और थकान जैसी दिक्कतें होती हैं। विटामिन-सी एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट भी है, जो शरीर को फ्री रेडिकल्स से बचाने में मदद करता है। आंवला, नींबू, संतरा जैसे खट्टे फल और टमाटर, शिमला मिर्च, ब्रोकली से इसकी पूर्ति हो सकती है।





### कैल्शियम सिर्फ हड्डियों की जरूरत नहीं, पूरे शरीर में है अहम भूमिका

हमारा शरीर कोशिका और ब्लड में कैल्शियम की मात्रा को सटीक तरीके से बनाए रखता है। हमारा शरीर कैल्शियम को हड्डियों से निकालकर ब्लड में भेजता है, ताकि शरीर में कैल्शियम के स्तर ठीक बनाए रखा जा सके। अगर व्यक्ति कैल्शियम की पर्याप्त मात्रा नहीं लेता, तो बहुत सारा कैल्शियम हड्डियों से ले लिया जाता है, जिससे वे कमज़ोर हो जाती हैं। हड्डियों के घनत्व में कमी को ऑस्टियोपोरोसिस कहते हैं जिसकी वजह से हड्डी फ्रैक्चर हो सकती है। हड्डियों में कमज़ोरी आए बिना रक्त में कैल्शियम का लेवल बना रहे, इसके लिए व्यक्ति को हर दिन 1,000 से 1,300 मिलीग्राम कैल्शियम लेने की ज़रूरत होती है। कैल्शियम को अवशोषित करने में मदद के लिए विटामिन डी की भी आवश्यकता होती है। वयस्कों को एक दिन में 600 यूनिट विटामिन डी (या बड़े वयस्कों में 800 यूनिट) का सेवन करना चाहिए। ब्लड में कैल्शियम का लेवल मुख्य तौर पर दो हार्मोन पैराथायरॉइड हार्मोन और कैल्सिटोनिन नियंत्रित करते हैं। पैराथायरॉइड हार्मोन, चार पैराथायरॉइड ग्रंथियां बनाती हैं, जो कि गर्दन में थायरॉइड ग्रंथियों के आसपास स्थित होती हैं।









## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## टॉम क्रूज की 'टॉप गन' 40 साल बाद फिर रिलीज होगी भारत में



हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'टॉप गन' को रिलीज हुए इस साल 40 साल पूरे हो जाएंगे। अब इस मौके पर भारत में 'टॉप गन' फिर से रिलीज होगी। खुद मेकर्स न इसकी घोषणा की है। पैरामाउंट पिक्चर्स ने आज यह घोषणा की कि वह 1986 की ब्लॉकबस्टर फिल्म और इसके 2022 के सीक्वल 'टॉप गनः मैवरिक' को एक विशेष एक सप्ताह के लिए सिनेमाघरों में फिर से रिलीज करने के लिए पूरी तरह तैयार है। टॉम क्रूज के पीट 'मैवरिक' मिशेल को 15 मई से एक बार फिर बड़े पर्दे पर देखा जा सकेगा। 1986 में रिलीज हुई 'टॉप गन' सुपरहिट थी। फिल्म में कई जबरदस्त एक्शन सीन, एयरिय बैटल्स व डॉगफाइट्स और अमेरिकी वायु सेना के पायलटों की ग्लैमरस जिंदगी को दिखाया है। यह फिल्म टॉप गन के नाम से मशहूर फाइटर वेपन्स स्कूल में नौसेना के प्रतिभाशाली पायलटों के एक ग्रुप की कहानी है, जो बेस्ट बनने की होड़ में अपने विमानों और एक-दूसरे की क्षमताओं की चरम सीमा तक पहुंच जाते हैं। दिवंगत टोनी स्कॉट द्वारा निर्देशित इस फिल्म में वैल किल्मर, एंथनी एडवर्ड्स, केली मैकगिलिस, मेग रयान और टॉम स्केरिट ने सहायक भूमिकाएं निभाईं। इस फिल्म ने टॉम क्रूज को सुपरस्टार बनाने में अहम भूमिका निभाई। टॉम क्रूज 36 साल बाद 'टॉप गनः मैवरिक' के रूप में कॉकपिट में लौटे। सीक्वल में तीस से अधिक साल की सेवा के बाद मैवरिक टॉप गन में लौटते हैं और नए ग्रेजुएट्स की एक टुकड़ी को एक खास मिशन के लिए ट्रेनिंग देते हैं। 'टॉप गनः मैवरिक' ने दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर 1.5 बिलियन डॉलर से अधिक की कमाई की और 2022 की नंबर 1 फिल्म और पैरामाउंट पिक्चर्स के इतिहास में सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्म बनी।

### टॉलीवुड

## नानी ने दिया विजय की आगामी फिल्म का मुहूर्त क्लैप, शौर्यव बोले- बस करिए इंतजार




'हाय नन्ना' फेम निर्देशक शौर्यव अपनी दूसरी फिल्म लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में विजय देवरकोंडा प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। हालांकि, अभी तक फिल्म का नाम सामने नहीं आया है। आज महूर्त पूजा के साथ फिल्म की शूटिंग शुरू हुई। मुहूर्त पूजा पर अभिनेता नानी ने पहली क्लैप दी। इसके बाद नानी और विजय ने एक-दूसरे को गले भी लगाया। शौर्यव ने पूजा मुहूर्त के बाद आज एक पोस्ट अपने एक्स पर साझा की। इसमें उन्होंने एक फोटो कोलैज शेयर किया है। इसमें नानी विजय के सामने पहला क्लैप देते हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही शौर्यव निर्देशक की जिम्मेदारी संभालते दिख रहे हैं। इसके साथ ही निर्देशक ने कैप्शन में लिखा, 'कुछ पल हमेशा याद रहते हैं। इस फिल्म में नानी गारू का होना मेरे लिए हमेशा यादगार रहेगा। आज से शुरुआत हो गई है। अब बस इंतजार कीजिए और देखिए। विजय देवरकोंडा गारू दहाड़ लगाइए। शूटिंग शुरू करने का बेसब्री से इंतजार है। यह फिल्म खास है।'

इससे पहले विजय देवरकोंडा ने भी अपनी इस फिल्म की घोषणा करते हुए एक पोस्ट साझा किया था। उन्होंने एक्स पर लिखा था, मेरी अगली फिल्म है वीडीएक्स शौर्युव। इस चुनौतीपूर्ण फिल्म को बनाने के चुनौतीपूर्ण कार्य को हाथ में लेने वाली टीम से मिलिए। शौर्यव और उनकी बेमिसाल इमेजिनेशन के साथ इस धमाकेदार टीम के साथ काम करने को लेकर बेहद खुश हूं। दहाड़ो मेरे दोस्तों। मैं अपना बेस्ट देने का प्रयास करूंगा। बेहद उत्साहित हूं और ढेर सारा प्यार।' विजय द्वारा साझा किए गए पोस्टर में विजय को कुत्तों के झुंड के साथ चलते हुए दिखाया गया है, मानो वे उनकी रक्षा कर रहे हों। फिल्म की कहानी के बारे में अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है।

### भोजपुरी

## 'पटना से पाकिस्तान 2' का फर्स्ट लुक देख बोली पब्लिक- भोजपुरी धुरंधर जैसा लग रहा



भोजपुरी सिनेमा के जुबली स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ, चर्चित प्रोड्यूसर प्रेम राय और निर्देशक अनंजय रघुराज अपनी मोस्ट अवेटेड फिल्म 'पटना से पाकिस्तान 2' को लेकर एक बार फिर सुर्खियों में हैं। फिल्म का 'फर्स्ट लुकट जारी कर दिया गया है, जिसने दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्साह पैदा कर दिया है। पहले भाग की अपार सफलता के बाद अब इसका सीक्वल और भी बड़े कैनवास, दमदार कहानी और भव्य प्रस्तुति के साथ दर्शकों के सामने आने वाला है।

फिल्म का पहला पार्ट बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुआ था, जिसके बाद से ही दर्शक इसके दूसरे भाग का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। निर्माताओं का दावा है कि 'पटना से पाकिस्तान 2' पहले से ज्यादा एक्शन, इमोशन और मनोरंजन से भरपूर होगी। बताया गया है कि 'हर फ्रेम में मेहनत और हर सीन में इमोशन' की थीम के साथ फिल्म को बड़े स्तर पर तैयार किया जा रहा है।

इस बार फिल्म में भोजपुरी सुपरस्टार निरहुआ लीड रोल में नजर आएंगे। उनके साथ सेजल साहू, सपना चौहान, मीर सरवर, सुशील सिंह, मनोज टाइगर, संजय पांडेय, अमित शुक्ला, साहिल सिद्दीकी, विकास मेहता, भूपेंद्र सिंह, शंभू राणा और धामा वर्मा जैसे कई अनुभवी और प्रतिभाशाली कलाकार अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे। इतनी बड़ी स्टारकास्ट फिल्म को और भी खास बनाती है।

फिल्म को लेकर निरहुआ ने कहा कि 'पटना से पाकिस्तान 2' उनके लिए बेहद खास फिल्म है, क्योंकि इसका पहला भाग दर्शकों के अपार प्रेम से ब्लॉकबस्टर साबित हुआ था।

### शाही अंदाज

शाही पहनावे की बात ही कुछ और है। कैम्ब्रिज की डचेस, कैथरीन, को उनके शानदार और सलीकेदार पहनावे के लिए दुनिया भर में सराहा गया है, लेकिन शाही परिवार में और भी ऐसी हस्तियाँ हैं जो उतनी मशहूर भले ही न हों, पर उतनी ही स्टाइलिश ज़रूर हैं। स्वीडन से लेकर कतर और थाईलैंड तक, दुनिया में ऐसी फैशनेबल महिलाओं की कोई कमी नहीं है, जिन्हें यह बखूबी पता है कि टियारा (मुकुट) कैसे पहना जाता है। इन सभी का शाही अंदाज दुनिया भी पसंद करती है।



लाइफ स्टाइल

## नेल पेंट के हिसाब से चुनें रिंग डिजाइन हाथों की खूबसूरती में लग जाएंगे चार चांद

अगर आप भी नेल पॉलिश के कलर के हिसाब से फिंगर रिंग पहनना चाहती है। लेकिन आप कंफ्यूज है, तो यह खबर आपके लिए है। आज हम आपको नेल पॉलिश के कलर के हिसाब से रिंग डिजाइन के बारे में बताएंगे। अधिकतर महिलाएं ऐसी है, जिन्हें रिंग पहनने का बहुत शौक होता है, लेकिन कई बार वे आउटफिट और नेल पेंट के हिसाब से उंगलियों में पहनने के लिए रिंग डिसाइड नहीं कर पाती है। ऐसे में अगर आप भी कंफ्यूज रहती है, तो यह खबर आपके लिए है। आज हम आपको बताएंगे कि किस तरह से आप अपने नेल पेंट के शेड के हिसाब से फिंगर रिंग का चयन कर सकती हैं। आईए जानते हैं नेल पेंट के कलर के हिसाब से फिंगर रिंग का चैन कैसे करें।

### खूबसूरत कॉकटेल डायमंड रिंग

अगर आपको भी फिंगर रिंग पहनने का बहुत शौक है और आप नेल पेंट भी लगाना चाहती हैं, तो ऐसे में आप अपने नेल पेंट के कलर के हिसाब से फिंगर



रिंग का चयन कर सकती हैं। इसके लिए अगर आप अपने नाखूनों पर हल्के रंग की नेल पॉलिश का इस्तेमाल करती है, तो ऐसे में आप इस तरह की खूबसूरत कॉकटेल डायमंड रिंग चुन सकती हैं। यह आपको स्टाइलिश लुक देने के साथ-साथ आपकी उंगलियों को खूबसूरत बना देगी।

### क्लस्टर डायमंड बैंड रिंग

अगर आप अपनी उंगलियों में डार्क शेड का इस्तेमाल करती है तो आपके लिए यह क्लस्टर डायमंड बैंड रिंग भी एक बेस्ट ऑप्शन हो सकती है आप इस तरह की सिंपल रिंग का चयन कर सकती है यही नहीं आप गोल्ड प्लेटेड रिंग्स को भी डार्क कलर के नेल पेंट शर्ट के साथ शामिल कर सकती हैं ऐसी रिंग आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल जाएगी। अगर आप अपनी उंगली की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए नाखूनों पर पेस्टल कलर की नेल पॉलिश लगती है तो ऐसे में आप इस तरह की क्लासिक राउंड डेली वियर रिंग शामिल कर सकती हैं यह रिंग आपकी उंगलियों की खूबसूरती बढ़ाने के साथ-साथ आपके लुक को स्टाइलिश और एलिगेंट टच देने में भी मदद करेगी। इस तरह की रिंग डिजाइन को आप। ऑनलाइन देख सकती हैं।

## ऑफिस में न्यू लुक के लिए स्टाइल करें पेप्लम टॉप, नजरें टिक जाएंगी आप पर



ऑफिस में महिलाएं जींस वियर करना पसंद करती हैं और इसमें वो स्टाइलिश नजर आने के लिए टॉप स्टाइल करती हैं। लेकिन, अगर आप टॉप में कुछ न्यू डिजाइन में चाहती हैं तो, आप इस तरह का पेप्लम टॉप स्टाइल कर सकती हैं। यह पेप्लम टॉप न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है और इसे आप ऑफिस में स्टाइल कर सकती हैं। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाले पेप्लम टॉप दिखा रहे हैं जो आप आपके लुक को स्टाइलिश बनाने में मदद करेंगे।



### प्रिंटेड पेप्लम टॉप

ऑफिस में न्यू लुक पाने के लिए आप इस तरह का प्रिंटेड टॉप स्टाइल कर सकती हैं। यह टॉप स्ट्रेप्स में है साथ ही, इसमें प्रिंट करके बेहद ही खूबसूरत डिजाइन बनाया गया है। इस तरह का टॉप आप ऑनलाइन ले सकती हैं साथ ही, ऑफलाइन भी आपको ये टॉप 300 रुपये की कीमत में मिल सकता है। इस टॉप को आप जींस या व्हाइट पेंट के साथ स्टाइल कर सकती हैं।



### फ्लोरल प्रिंटेड पेप्लम टॉप

न्यू और स्टाइलिश लुक के लिए आप इस तरह के टॉप स्टाइल कर सकती हैं। यह टॉप फ्लोरल प्रिंट में है साथ ही, ये पफ स्लीव्स में है। इस तरह का टॉप को आप कई सारे कलर ऑप्शन के साथ खरीदकर ऑफिस में स्टाइल कर सकती हैं। यह टॉप आप 200 रुपये की कीमत में ले सकती है और इस टॉप को आप जींस के वियर कर सकती हैं।

फ्लोरल पैटर्न में आप इस तरह के हाफ स्लीव्स वाले पेप्लम टॉप को भी स्टाइल कर सकती हैं और यह टॉप आप कई सारे कलर और डिजाइन में खरीदकर ब्लैक जींस के साथ स्टाइल कर सकती हैं।

एम्ब्रॉयडरी वर्क पेप्लम टॉप

अगर आप न्यू ट्राई करना चाहती हैं तो, आप इस तरह के एम्ब्रॉयडरी वर्क पेप्लम टॉप का चुनाव कर सकती हैं।

## गर्मी में चेहरे पर होने वाले रैशेज की समस्या हो सकती है कम

अगर आप गर्मियों में होने वाले रैशेज की समस्या की परेशान हैं तो, आप इस आर्टिकल में बताई गई टिप्स को फॉलो कर सकती हैं। ये टिप्स इन समस्यों को कम करने में मददगार है साथ ही, इन्हें फॉलो करने से स्किन का ग्लो भी बना रहेगा।

### फेस वॉश से करें चेहरे को साफ

रैशेज की समस्या कम हो इसके लिए चेहरे को अच्छी तरह से साफ करें ताकि, चेहरे से पसीना, धूल और ऑयल अच्छी तरह से साफ हो जाए। वहीं चेहरे को साफ करने के लिए आप बेस्ट फेस वॉश का चुनाव करें। वहीं चेहरे को साफ करने के लिए आप जो भी फेस वॉश का चुनाव कर सकती हैं।

### इस तरह के मॉइश्चराइजर का करें इस्तेमाल

रैशेज की समस्या ज्यादा न हो इसके लिए आप हल्के मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें। हल्के मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करने से पोर्स बंद नहीं होंगे साथ ही, स्किन से जुड़ी समस्या भी



कम होगी। इसी के साथ हलके मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करने के स्किन से जुड़ी समस्या भी कम होगी।

### चेहरे पर सनस्क्रीन का इस्तेमाल

रैशेज की समस्या ज्यादा न बढ़ें इसके लिए आप SPF-30 वाला सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। सनस्क्रीन के इस्तेमाल करने से रैशेज की समस्या नहीं बढेगी साथ ही, चेहरे का ग्लो भी रहेगा। सनस्क्रीन को आप हर 4 घंटे के बाद अप्लाई करें। और इससे पहले मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें।

## चेहरे पर भिंडी के पानी का इस्तेमाल करने से पहले एक्सपर्ट से जान लें इसके दोनों पहलू

गर्मियों के मौसम में अधिकतर महिलाएं तेज धूप और गर्म हवाओं की वजह से अपने चेहरे पर कई तरह की समस्याओं का सामना करती है। इन समस्या से बचने के लिए कुछ महिलाएं समय निकालकर अपने घर पर घरेलू उपाय करती हैं। ऐसे में अगर आप भी अपने चेहरे की खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए घर पर रहकर भिंडी के पानी का इस्तेमाल करती है, तो यह खबर आपके लिए है।

### ब्यूटी एक्सपर्ट की मानें राय

ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू माहेश्वरी ने बताया कि महिलाएं गर्मी के मौसम में अपने चेहरे को खूबसूरत बनाने के लिए बाजार के महंगे प्रोडक्ट से लेकर घरेलू उपाय तक हर एक चीज आजमाती है। ऐसे में अगर आप भी गर्मी के मौसम में घर पर रहकर भिंडी के पानी को अपने चेहरे पर इस्तेमाल करती है, तो बता दे की भिंडी का पानी कुछ महिलाओं की स्किन को नुकसान पहुंचा सकता है। आइए जानते हैं इन नुकसान के बारे में।

### चेहरे के लिए करें भिंडी का इस्तेमाल

एक्सपर्ट ने आगे कहा कि अधिकतर महिलाओं की स्किन का



प्रकार अलग-अलग होता है। कुछ महिलाओं की स्किन ड्राई होती है, तो वहीं कुछ महिलाओं की स्किन ऑयली होती है। ऐसे में भिंडी के पानी का इस्तेमाल करने से उन्हें त्वचा में जलन, फुंसियां और इरिटेशन जैसी समस्याएं देखने को मिल सकती है।

### हो सकता है स्किन इन्फेक्शन

यही नहीं भिंडी के पानी में मौजूद चिपचिपाहट की वजह से कुछ महिलाओं को इरिटेशन का सामना भी करना पड़ सकता है।भिंडी के पानी को अगर आप सीधे अपने चेहरे पर इस्तेमाल करती हैं, तो इससे स्किन इन्फेक्शन होने का भी खतरा बढ़ सकता है। यही नहीं कुछ महिलाओं को इससे खुजली, जलन, सूजन जैसी परेशानियों का सामना भी करना पड़ सकता है।

कार्नर न्यूज

### गर्मी में कुछ बेस्ट डील हो जाए तो क्या बात है

## गर्मी के लिए परफेक्ट होते हैं सस्ते और स्टाइलिश ड्रेस, घर या कहीं भी पहन कर आसानी से जाइए

महंगाई के दौर में सस्ता और अच्छा मिलना सौभाग्य की बात है। इस समय हर चीज की कीमत तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में गर्मी में कुछ बेस्ट डील हो जाए तो क्या बात है। यहां पर कुछ सस्ते और अच्छे कपड़े की जानकारी देने आए हैं। ये सभी ड्रेस ब्रांडेड हैं जिनकी क्वालिटी को लेकर सोचना ही नहीं है।

क्योंकि, सोशल मीडिया जैसे- फेसबुक, इंस्टाग्राम पर कपड़ें सस्ते दाम पर बिकते हैं। मगर ऑर्डर करने के बाद आते कुछ और हैं। साथ ही कई बार पैसे देने के बाद ऑर्डर पहुंचता नहीं है। मगर आपको इस बात की चिंता करने की जरूरत नहीं है। यहां जो दिख रहा है वहीं, आप तक पहुंचेगा।

वैसे समर सीजन में किस तरह के ड्रेस खरीदने की सोच रहे हैं-

अगर गर्मी में आरामदेह और स्टाइल के बारे में सोच रहे हैं तो फिर इन्हें खरीदें। इनको आप घर पर पहनकर रह सकते हैं। इसके अलावा यदि घर से बाहर जा रहे हैं तो भी ये परफेक्ट लुक देंगे। वैसे भी लॉकडाउन में कहां निकलना है तो फिर ऐसे ही हल्के और सस्ते ड्रेस क्यों न लें।



अगर आप इस तरह के ब्रांडेड ड्रेस कम कीमत पर खरीदना चाहते हैं तो यहां देखें-

**टी-शर्ट** : गर्मी में टी-शर्ट पहनना किसे पसंद नहीं है। ये बेहद आरामदेह जो होती है। इसलिए हम आपके लिए यहां पर नई टी-शर्ट की जानकारी दे रहे हैं। इसको आप अपने समर वार्डरोब में शामिल करें। क्योंकि पुरानी टी-शर्ट को कब तक पहनेंगे। अगर सस्ते दाम पर नई टी-शर्ट मिल रही है तो बदल लेने में ही भलाई है। आप यहां पर प्रिंटेड टी-शर्ट को काफी कम दाम पर खरीद सकते हैं। यहां पर कीमत देखिए, इस कीमत में क्या मिलता है, मगर आपको टी-शर्ट मिल रही है। इसलिए बेहिचक ले लें।

अगर आपको ये स्टाइल पसंद नहीं आ रही है तो नाराज न हो। क्योंकि यहां पर एक के अलावा भी विकल्प मौजूद हैं। इसकी कीमत भी काफी कम है। यकीनन आपको इस दाम में ब्रांडेड टी-शर्ट कहां मिलने वाली हैः-इन सबके अलावा कलरब्लॉक्ड टी-शर्ट भी गर्मी में खूब पहने जाते हैं। सच पूछो तो ये देखने में काफी अट्रैक्टिव होते हैं। आपको कम से कम एक टी-शर्ट अपने वार्डरोब में इस स्टाइल का रखना चाहिए।

**स्लीवलेस टी-शर्टः** प्रिंटेड स्लीवलेस टी-शर्ट गर्मी में सबसे अधिक पहनी जाती हैं। लड़कों को ये बेहद पसंद आती है। क्योंकि इससे ज्यादा आरादेह और स्टाइलिश कुछ नहीं। अगर आप अपने आर्मपिट के पसीने से परेशान हैं तो ऐसे में इस तरह के स्लीवलेस टी-शर्ट पहनें।

**हूडेड टी-शर्ट** : हूडेड स्टाइल के कपड़े अधिकतर लोग सर्दी के मौसम में पहनना पसंद करते हैं। मगर ऐसा नहीं है कि आप इसे गर्मी में नहीं पहन सकते।

